

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा



रांची, गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 8 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 36 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ हरियाणा में जीतते-जीतते आखिर क्यों हार गई कांग्रेस!

एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की बढ़ी मुश्किलें ◂◂ 6




## मां दुर्गा का आठवां रूप मां महागौरी

नवरात्रि अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है और आज मां दुर्गा के आठवें स्वरूप आदिशक्ति महागौरी की पूजा हो रही है। आज देवी के पूजा मूल भाव को दर्शाता है। देवी भागवत पुराण में बताया गया है कि मां के 9 रूपों और 10 महाविद्या सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं। लेकिन महादेव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी हमेशा विराजमान रहती हैं। मां दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा करने से सोमचक्र जाग्रत होता है और इनकी कृपा से हर असंभव कार्य पूर्ण हो जाते हैं। ज्यादातर घरों में इस दिन कन्या पूजन किया जाता है और कुछ लोग नवमी के दिन पूजा-अर्चना करने के बाद कन्या पूजन करते हैं।

**माता महागौरी का ध्यान मंत्र**

**श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥**
**या देवी सर्वभूतेषु माँ महागौरी रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥**

# एनसीपीए लॉन में रतन टाटा के अंतिम दर्शन, नम आंखों से दी गई देश के सबसे चहेते उद्योगपति को विदाई

**मुंबई:** टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित समूह में बदलने वाले दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर उनके घर से गुरुवार की सुबह दक्षिण मुंबई स्थित राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केंद्र (एनसीपीए) ले जाया गया। सफेद फूलों से सजे वाहन में उनका पार्थिव शरीर एनसीपीए ले जाया गया, जहां लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। उनका अंतिम संस्कार आज शाम मुंबई के वर्ली इलाके में किया जाएगा।

एनसीपीए से कुछ किलोमीटर दूर स्थित टाटा के घर से वाहन के रवाना होने से पहले मुंबई पुलिस बैंड ने उनके सम्मान में एक धुन बजाई। जैसे ही उद्योगपति टाटा के निधन की खबर फैली, विभिन्न क्षेत्रों से लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास पर पंहुचने लगे। क्रिकेट के मशूहर खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए कोलाबा स्थित उनके आवास पर सबसे पहले पहुंचने वाले व्यक्तियों में शामिल थे।



उनके निधन की खबर सुनने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर और उद्योगपति मुकेश अंबानी अस्पताल पहुंचे थे। टाटा का पार्थिव शरीर अस्पताल से पुलिस वाहनों की सुरक्षा में एम्बुलेंस से कोलाबा स्थित उनके आवास पर ले जाया गया। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि रतन टाटा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य में एक दिवसीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हवाले से एक बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र में सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज 10 अक्तूबर को शोक के प्रतीक के रूप में आधा झुका रहेगा। टाटा समूह के मानद अध्यक्ष एवं दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा समेत कई राज्यों के राज्यपालों और दिल्ली के उपराज्यपाल ने शोक जताया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार भी रतन टाटा के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मुंबई में उद्योगपति रतन टाटा को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इस बीच महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें केंद्र सरकार से दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यभारत रत्नह्ल से सम्मानित किए जाने का अनुरोध किया गया है।

## हेमंत सोरेन ने रतन टाटा के निधन पर एक दिवसीय राज्यकीय शोक की घोषणा की



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने घोषणा की कि झारखंड सरकार एक दिवसीय राज्यकीय शोक का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि, झारखंड जैसे देश के पिछड़े राज्य को विश्व में पहचान दिलाने वाले टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन एवं पद्मविभूषण श्री रतन टाटा जी के देहावसान पर एक दिवसीय राज्यकीय शोक की घोषणा की जाती है।

## देश के महान उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा का निधन, जमशेदपुर में शोक की लहर

**जमशेदपुर:** देश के उद्योग जगत के जाने माने उद्योगपति रतन नवल टाटा के निधन की खबर मिलते ही जमशेदपुर शहर में शोक की लहर है। शहर के दुर्गा पूजा समितियों ने पूजा पंडाल में माइक गीत संगीत और कई कार्यक्रम को बंद कर दिया है। उनकी निधन में पर टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शोक व्यक्त किया है।

रतन टाना के निधन के बाद जमशेदपुर में दुर्गा पूजा मेले में कार्यक्रम और साउंड सिस्टम बंद कर दिया गया। उनके निधन पर पूरा जमशेदपुर मर्माहत है। 1991 में रतन टाटा टाटा ग्रुप के चेयरमैन बने थे। इस दौरान उन्होंने टाटा ग्रुप को एक अलग मुकाम तक पहुंचाया। वे 2012 तक टाटा ग्रुप में चेयरमैन पद पर रहे।

रतन टाटा के निधन पर टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा है कि 'हम अत्यंत क्षति की भावना के साथ श्री रतन नवल टाटा को विदाई दे रहे हैं। रतन नवल टाटा, सचमुच असाधारण व्यक्तित्व वाले इंसान थे जिनके अतुलनीय योगदान ने न केवल टाटा को आकार दिया है, समूह बल्कि हमारे राष्ट्र के बेहतर निर्माण के लिए भी खड़े रहे। टाटा समूह के लिए श्रीमान रतन टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं अधिक थे। मेरे लिए वह एक गुरु थे मार्गदर्शन और मित्र थे। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने उत्कृष्टता, अखंडता और नवाचार का विस्तार किया। वैश्विक पदचिह्न हमेशा अपने नैतिक दिशा निर्देश के प्रति सच्चे रहे। परोपकार और समाज के विकास के प्रति टाटा के समर्पण ने प्रभावित किया है लाखों लोगों का जीवन शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक, उनकी पहल ने गहरी जड़ें जमा ली हैं। जिससे आने वाली पीढ़ियों को लाभ होगा। पूरे टाटा परिवार की ओर से मैं उनके परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी विरासत हमें प्रेरित करती रहेगी क्योंकि हम उनके सिद्धांतों को कायम रखने का प्रयास करेंगे।'

जमशेदपुर के पूर्व सांसद कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय कुमार ने रतन नवल टाटा के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारतीय उद्योग जगत के अपूर्णीय क्षति है।जमशेदपुर के विकास में रतन टाटा का बड़ा योगदान है। रतन टाटा ने टाटा समूह को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में महत्ती भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए अन्य उद्योग समूहों के लिए एक मानक स्थापित किया। कोरोना के समय में रतन टाटा ने बड़ा दिल दिखाते हुए देश के लोगों के बेहतरी के 1500 करोड़ रुपये खर्च किए थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

वहीं, रतन टाटा के निधन की खबर सुनते ही दुर्गा पूजा कमेटियों ने अपने पूजा पंडाल में आयोजित कार्यक्रम को बंद कर दिए। कई जगहों पर मेले में लगे झूले भी बंद कर दिए गए। कई जगहों पर ऐलान कर दिया गया कि रतन टाटा के अंतिम संस्कार तक मेले में किसी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा। गीत संगीत भजन भी नहीं बजेगा।

# दिल्ली सीएम का आवास सील, पीडब्ल्यूडी ने मुख्यमंत्री आतिशी का सामान बाहर निकाला

**नई दिल्ली :** दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास के मुद्दे पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीएम आवास को सील कर दिया गया है, और इसके गेट पर विभाग ने डबल लॉक लगा दिया है। जब मुख्यमंत्री केजरीवाल दूसरे बंगले में स्थानांतरित हुए, तब सीएम आतिशी ने इस आवास में शिफ्ट किया। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल के निर्देश पर पीडब्लूडी ने मुख्यमंत्री आतिशी का सामान बाहर निकालकर आवास को सील कर दिया है। वहीं, बीजेपी ने सीएम पर गैरकानूनी तरीके से बंगले में रहने का आरोप लगाया है।

असल में, विवाद सीएम केजरीवाल द्वारा आवास को खाली करने और हैंडओवर से संबंधित है, जिसके चलते पीडब्लूडी ने कार्रवाई की। आरोप है कि इस बंगले को विधिवत तरीके से पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर नहीं किया गया था, और इससे पहले ही मुख्यमंत्री आतिशी का सामान वहां पहुंचा दिया गया था।

### पूरा विवाद क्या है?

आरोप लगाया जा रहा है कि केजरीवाल द्वारा बंगला खाली करने के बाद इसे आतिशी को



आवंटित नहीं किया गया था, जबकि इसका अधिकार पीडब्ल्यूडी के पास है। जब कोई घर खाली होता है, तो पीडब्ल्यूडी उसका कब्जा लेता है और उसकी सूची बनाता है, इसके बाद ही वह घर किसी और को आवंटित कर सकता है। इस मामले में सवाल उठता है कि क्या एक मुख्यमंत्री कुर्सी से हटने के बाद अपने मनमाफिक तरीके से अपना आधिकारिक आवास दूसरे मुख्यमंत्री को सौंप सकता है? क्योंकि मुख्यमंत्री का आवास किसी की व्यक्तिगत संपत्ति नहीं, बल्कि सरकारी संपत्ति होती है।

### जानिए विवाद की पूरी कहानी

कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री आवास का एक वीडियो सामने आया, जिसमें सुनीता केजरीवाल एक अधिकारी को बंगले की चाबी सौंपती हुई नजर आईं। इस वीडियो के आधार पर दावा किया गया कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास खाली कर दिया है। लेकिन 6 अक्टूबर को, पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के विशेष सचिव को एक पत्र लिखा, जिसमें कहा गया कि चाबी सौंपने के कुछ समय बाद ही इसे वापस ले लिया गया और बंगला पूरी तरह से पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर नहीं किया गया।

### आम आदमी पार्टी का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने आरोप लगाया है कि देश के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री आवास को खाली कराया गया। सीएमओ ने एक बयान में कहा कि सिविल लाइंस में स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर जबरन खाली कराया गया है, क्योंकि उपराज्यपाल वी के सक्सेना इसे भाजपा के एक नेता को आवंटित करना चाहते हैं। इससे पहले, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित नहीं किया और उनका कैंप कार्यालय भी खाली करा दिया गया है।

### विपक्ष का आरोप

वहीं, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री को अवैध तरीके से बंगले में लाया गया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, ह्लशीशमहल को सील करो! जब मुख्यमंत्री आतिशी को पहले से ही सरकारी आवास अइ-17 मथुरा रोड आवंटित है, तो वह शीशमहल पर अवैध तरीके से कब्जा क्यों जमाए हुई हैं? अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के ढहऊ अधिकारियों को शीशमहल की चाबी सौंपने के बजाय आतिशी को क्यों दी? केजरीवाल के सरकारी अधिकारी जानबूझकर इस अवैध कब्जे को संरक्षण दे रहे हैं। मैं ढहऊ विभाग से मांग करता हूं।


25वाँ विश्व दृष्टि दिवस

10 अक्टूबर 2024

अपनी आँखों से प्यार करो बच्चों



उद्देश्य

अंधेपन से बचने और दृष्टि नुकसान के मुद्दे पर ध्यान केन्द्रित करना

- बाल्यावस्था में अंधापन से ग्रसित बच्चों की नेत्र जाँच एवं उपचार अवश्य कराएँ।
- बच्चें, जिनकी उम्र 06 वर्ष से ऊपर है, उनकी वर्ष में एक बार नेत्र जाँच अवश्य कराएँ।
- 40 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति वर्ष में एक बार नियमित नेत्र जाँच अवश्य कराएँ।
- मोतियाबिंद या मधुमेह होने की स्थिति में वर्ष में एक बार नियमित नेत्र जाँच अवश्य कराएँ।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है





PR- 338373 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ विभाग पर लगाया106.69 करोड़ के टेंडर घोटाला का आरोप

मेट्रो रेज

**रांची :** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग में 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने टेंडर में बरती गई अनियमतता की कॉपी भी उपलब्ध कराई है। इस मामले को उन्होंने मुख्य सचिव, ईडी, सीबीआई सहित सभी जांच एजेंसियों को पत्र लिखा है। मुख्य सचिव सहित जांच एजेंसियों को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान में राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग के द्वारा आमंत्रित व आबंटित निविदाओं में अनियमितता बरती जा रही है। इससे सरकार को वित्तीय क्षति हो रही है। विभाग के



पदाधिकारियों द्वारा कई निविदाओं में बीओक्यू राशि से ज्यादा राशि पर कुछ विशेष प्रतिभागी निवेदाकारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा कार्यों का निस्तारण व आवंटन किया जा रहा है। जिन निविदाकारों के पक्ष में निविदा कार्यों का आवंटन किया गया है उनमे से अधिकतर निविदाकार की न्यूनतम निविदा राशि उस निविदा कार्य के बीओक्यू राशि से अधिक है।

### निविदा की भावनाओं के खिलाफ हुआ काम

कई निविदाकार जो पथ निर्माण विभाग के तहत समुचित श्रेणी में निबंधित है तथा निविदा आमंत्रण व एसबीडी द्वारा निर्धारित सभी शर्तों व अहताओं को पूर्ण करते है और बीडिंग की प्रक्रिया में शामिल भी हुई हैं, जिनका न्यूनतम निविदित राशि आमंत्रित निविदा के बीओक्यू राशि से भी कम है, उनके पक्ष में निविदा का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। इन निविदाकारों की निविदाओं को जान बूझ कर नॉन रेस्पोंसिव घोषित कर एवं बिना उनका पक्ष सुने निरस्त कर दिया जा रहा है। जो कि नैसर्गिक न्याय के मूल सिद्धांत एवं निविदा के भावनाओं के खिलाफ है।

### चहेते को मिल रहा टेंडर

विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा कुछ चुने गये कुछ विशेष निविदाकार जिन्होंने कारटेल का गठन किया है उन्हें ही कार्य आवंटित किया जा रहा है। बाकी प्रतिभागी निविदाकारों के निविदा को अकारण नॉन रेस्पोंसिव घोषित किया जा रहा है। योग्य एवं लोकल निविदाकारों को निविदा से अकारण नॉन रेस्पोंसिव कर निविदा प्रतिभागिता से हटाया जा रहा है। विशेष निविदाकार को ही निविदा में टेक्नीकली क्वालिफाई किया जा रहा है। साथ ही उन्हें अधिक दर पर कार्य आवंटित किया जा रहा है।

### राज्य को हो रही आर्थिक क्षति

झारखंड सरकार के ई-टेंडर पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर एक तालिका भी सांसद ने मुख्य सचिव सहित सभी जांच एजेंसियों को भेजा है। जिसमें कहा कि तालिका देखने स्पष्ट हो रहा है कि सरकार के द्वारा निविदाकारों को टेक्नीकली क्वालिफाई कर सिर्फ दो-तीन निविदाकारों के फाइनांशियल पार्ट को खोला जा रहा है। ये विशेष रूप से चयनित निविदाकार होते हैं। उन्हें अधिक मूल्य पर कार्य आवंटित की जा रही है, जिससे सरकार को आर्थिक क्षति हो रही है। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा इस तरह की कार्यप्रणाली किसी भी तरह से अपेक्षित नहीं है।

## झारखंड की रणजी टीम घोषित, ईशान किशन को मिली कप्तानी

**रांचीः** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने सत्र 2024-25 के लिए टीम घोषित की है। चर्चित इंटरनेशनल क्रिकेटर ईशान किशन को झारखंड रणजी टीम की कप्तानी मिली है। इसमें कप्तान ईशान किशन के अलावा जिन खिलाड़ियों को जगह मिली है, उनमें विराट सिंह (उप कप्तान), कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), नाज़िम सिद्दीकी, आर्यमन सेन, शरणदीप सिंह, कुमार सूरज, अनुकूल रॉय, उत्कर्ष सिंह, सुप्रियो चक्रवर्ती, सौरभ शेखर, विकास कुमार, विवेकानंद तिवारी, मनीषी, रवि कुमार यादव और रौनक कुमार के नाम शामिल हैं। इसके पहले बुची बाबू टूनामेंट में भी झारखंड की टीम ईशान किशन की कप्तानी में उतरी थी। रणजी ट्रॉफी की शुरूआत 11 अक्टूबर से हो रही है और झारखंड का पहला मुकाबला असम से है। झारखंड जिस एलीट ग्रुप में शामिल है, उसमें असम, रेलवे, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, सौराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु की टीमें शामिल हैं।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–चिंता कुमारी उम्र–22 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट,

उपरोक्त लापता महिला चिंता कुमारी, उम्र–22 वर्ष, पे0–सुधीर मॉझी, सा0–मेदनी, पोस्ट–पिस्का, थाना–सिल्ली (मुरी ओ0पी0), जिला–रॉंची जो दिनांक–20.09.2024 को गाजीयाबाद रेलवे स्टेशन से लापता जो आजतक अपने घर मे वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में मुरी ओ0पी0 सन्हा संख्या–17/2024, दिनांक–24.09.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(mc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, रॉंची। –9431770066

थाना प्रभारी मुरी ओ0पी0, रॉंची। –9431706150

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 338622 Police(24-25).D


## बॉलीवुड स्टार रश्मि देसाई के साथ झूमे पलामू के लोग



मेट्रो रेज

**पलामूः** बिग बॉस फेम रश्मि देसाई डांडिया नाइट के लिए पलामू पहुंची। इस दौरान उन्होंने झारखंड की खूबसूरती और खाने की जमकर तारीफ की। रश्मि देसाई पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला विंग के द्वारा आयोजित डांडिया नाइट में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।

डांडिया नाइट में भाग लेने के दौरान रश्मि देसाई ने मीडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान रश्मि देसाई ने कहा कि रांची से पलामू तक के सफर में हरियाली काफी खूबसूरत लग रही थी। झारखंड और पलामू आकर उन्हें काफी अच्छा लगा। यहां का खाना काफी अच्छा है। रश्मि देसाई ने कहा कि हर जगह उन्हें काफी प्यार और सपोर्ट मिला है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने उन्हें काफी प्यार और अपनापन दिया है। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला विंग के द्वारा मेदिनीनगर के गांधी मैदान दो दिवसीय डांडिया नाइट का आयोजन किया गया था। बुधवार को रश्मि देसाई के साथ डांडिया नाइट में भाग ले रहे सैकड़ों लोग लोगों जमकर झूमे। इस दौरान रश्मि देसाई ने डांडिया खेल रहे लोगों से पूछा कि उनका सबसे अच्छा किरदार कौन सा पसंद आया? भीड़ ने जवाब दिया बिग बॉस।



## दूर्गा पूजा पर अमृता इंटरनेशनल स्कूल में की गई शस्त्र पूजन का कार्यक्रम

**सिल्लीः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिल्ली खंड की ओर से नवरात्र के अवसर पर बुधवार को अमृता इंटरनेशनल स्कूल परिसर में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के स्वयंसेवकों, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं समेत स्कूली बच्चों ने बारी बारी से शस्त्र पर रोली, चंदन, पुष्प एवं धूप अर्पित करके शस्त्र की पूजा की। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल बृजकिशोर सिन्हा ने शस्त्र पूजन के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि आदि काल से ही हिंदू संस्कृति में शस्त्र पूजन की परम्परा चली आ रही है। भगवान श्रीराम ने भी रावण का बध करने से पहले शक्ति की उपासना की थी उन्होंने भी शस्त्र की पूजा की थी। इसके बाद उन्होंने रावण का बध करके समाज में बुराई पर अच्छाई की जीत का आदर्श स्थापित किया। इस मौके पर आरएसएस के रांची जिला सह प्रचार प्रमुख विष्णु गिरि, स्कूल के निदेशक पुष्पिता बृजकिशोर सिन्हा, प्रिंसिपल ब्रजकिशोर श्रीनाथ सिन्हा, एचआर अनिता चौधरी, संजीव कुमार महतो, सिंह शिवाजी महतो, संगीता महतो, स्वेता महतो, यशोदा कुमारी, किरण देवी, किरण महतो, अनूप महतो सहित स्कूली बच्चे शामिल थे।

## जेसीआई यूथ ने ओल्ड एज होम में वाटर फिल्टर लगवाया

**रांचीः** जेसीआई रांची यूथ की ओर से ओल्ड एज होम में अधिष्ठापित वाटर फिल्टर का बुधवार को उद्घाटन किया गया। वाटर फिल्टर का उद्घाटन जेसीआई यूथ के पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी ने करते हुए इसे ओल्ड एज होम को समर्पित किया। संस्था अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि जेसीआई यूथ की पहल पर लगातार समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं।


कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूँटी
(जिला निर्वाचन शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित

DEO/DY DEO/ELE/KHUNTI/2024/0007

1. जिला का नाम – खूँटी।
2. विषय – आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में **टेंट/शामियाना/अस्थायी विद्युतीकरण/ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं अन्य संबंधित सामग्री के निमित् अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण।**
3. निविदा प्रपत्र का अग्रधन मूल्य 50000.00 (पचास हजार) (Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से होगा।
4. Website पर अति अल्पकालीन निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि 10.10.2024 से 17.10.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि 10.10.2024 से 17.10.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान – 18.10.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे उप विकास आयुक्त, खूँटी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
7. संबंधित विस्तृत विवरणी/नियम व शर्तें खूँटी जिला के Website- https://khunti.nic.in से Download कर अथवा जिला निर्वाचन शाखा, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूँटी

PR 338706 Home (24-25)_D

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, खूँटी


## झामुमो सम्मान योजना के तहत हर माह मिलेंगे 2500 रुपए

### चुनाव आयोग से जेएमएम ने मांगा परमिशन



**रांचीः** भाजपा की गोगो दीदी योजना को मात देने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झामुमो सम्मान योजना लाने का फैसला किया है। इसके तहत राज्य की महिला बहनों को 30 हजार रुपये प्रति वर्ष यानी 2500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। विधानसभा चुनाव से पहले जनता को लुभाने की होड़ के बीच इस पर राजनीति भी तेज हो गई है। भाजपा पर गोगो दीदी योजना के जरिए जनता को लुभाने का आरोप लगाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव आयोग से इसकी लिखित शिकायत की है। बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और चुनाव आयोग के 2 मई 2024 के पत्र का हवाला देते हुए भाजपा पर जनप्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। साथ ही झामुमो सम्मान योजना शुरू करने की अनुमति भी मांगी।

### झामुमो नेताओं ने आयोग से मांगी अनुमति

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने आयोग से झामुमो सम्मान योजना शुरू करने की अनुमति मांगी और कहा कि अगर भाजपा की गोगो दीदी योजना के लिए आवेदन लिए जा सकते हैं तो झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा प्रस्तावित झामुमो सम्मान योजना के तहत आवेदन क्यों नहीं लिए जा सकते। आयोग से इस संबंध में अनुमति देने का अनुरोध किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विनोद पांडेय ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य की सभी महिलाओं को 30 हजार रुपये प्रति वर्ष दिए जाएंगे। यह निर्णय पार्टी द्वारा पहले ही लिया जा चुका है। एक सवाल के जवाब में विनोद पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मंईयां योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत हर साल 12 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी ने झामुमो सम्मान योजना शुरू करने का निर्णय लिया है।


झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

2nd Call

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/863/2024-25
दिनांक :–09.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वित्तीय वर्ष 2024–25 में गैर योजना मद् अन्तर्गत हजारीबाग– कटकमसाण्डी– चतरा पथ का मरम्मति कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 90,00,000.00 (नब्बे लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 11.10.2024 10:30 AM |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 17.10.2024 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 18.10.2024 12:30 PM |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 338727 (Road) 24-25 (D)



कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी
(जिला निर्वाचन शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित

DEO/DY DEO/ELE/KHUNTI/2024/0009

1. जिला का नाम – खूँटी।
2. विषय – आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में **मतदान सामग्री एवं कार्यालय उपयोग सामग्री** के निमित् अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण।
3. निविदा प्रपत्र का अग्रधन मूल्य 50000.00 (पचास हजार) (Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से होगा।
4. Website पर अति अल्पकालीन निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि 10.10.2024 से 17.10.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि 10.10.2024 से 17.10.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान – 18.10.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे उप विकास आयुक्त, खूँटी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
7. संबंधित विस्तृत विवरणी/नियम व शर्तें खूँटी जिला के Website- https://khunti.nic.in से Download कर अथवा जिला निर्वाचन शाखा, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
उप निर्वाचन पदाधिकारी
खूँटी

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 338720 Election(24-25)#D



वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–सूरज कुमार, उम्र–14 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट,
पहनावा–लाल रंग का चेकदार शर्ट एवं घी रंग का फुल पैंट (डी0ए0वी0 स्कूल ड्रेस) पहने हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का सूरज कुमार, उम्र–14 वर्ष, पे0–राजकुमार टोप्पवार, सा0–कडरू सेमर, थाना–अरगोड़ा, जिला–रॉंची जो दिनांक–10.09.2024 को डी0ए0वी0 कपिलदेव स्कूल, कडरू, रॉंची परीक्षा देने को निकले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में अरगोड़ा थाना काण्ड संख्या 252/2024 दिनांक–28.09.2024 धारा–137(2) BNS दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय मे या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रॉंची। –9431706143

थाना प्रभारी अरगोड़ा, रॉंची। –9431706170

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 338611 Police(24-25).D



वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–मोठा महतो, उम्र–52 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट, 5 ईंच
पहनावा–लाल रंग का टी शर्ट एवं चेक लूंगी हरा पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति मोठा महतो, उम्र–52 वर्ष, पे0–स्व0 देवनाथ महतो, सा0–डोमनडी, पोस्ट–राहे, थाना–राहे, जिला–रॉंची जो दिनांक–28.04.2024 को बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में राहे सनहा संख्या 12/2024 दिनांक–20.09.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।

अनु0 पुलिस पदा0, बुण्डु, रॉंची। –9431706144

थाना प्रभारी राहे, रॉंची। –9431706194

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची।

PR 338617 (Police) 24-25 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/18/2024-25 (2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bridge over Baghmara Nala in Village Nawatoli, GP- Surhu, under **Block – Kamdara**, District- Gumla. (4 Spna 6.00x6.00 M Size) | 64,52,700.00 | 1,30,000.00 | 10,000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट मे निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 15.10.2024 से दिनांक 19.10..2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 21.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते मे अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 338700 Rural Development(24-25).D

## सुविचार

**भरोसा रखें कि हमारा जीवन बहुत शानदार है और यही भरोसा इसे हकीकत बना देगा।**

## हरियाणा में भाजपा की जीत

**हरियाणा की** चुनावी परीक्षा में बीजेपी जहां 48 सीटें जीतकर पास हो गई, वहीं कांग्रेस को उम्मीदों से कम सीटें महज 37 मिलीं। वहीं, इंडियन नेशनल लोक दल को मात्र 2 सीटें मिलीं, जबकि 3 सीटें निर्दलीय प्रत्याशी जीत ले गए।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सूबे में सत्ताधारी पार्टियों के बी टीम के रूप में काम कर रहीं आम आदमी पार्टी, जननायक जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी आदि को बेहद खराब अंक मिले। हां, इन्होंने राज्य में कांग्रेस के बढ़ते ग्राफ को थामने में भाजपा की अंदरखाने से मदद की, ताकि भविष्य में कोई भी मजबूत विपक्षी दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सके। इस अप्रत्याशित चुनाव परिणाम से जहां भाजपा की बांछें खिल गईं, वहीं कांग्रेस के सियासी हौसले लगातार तीसरी बार पस्त पड़ गए। इस बार तो वह जीती हुई बाजी हार गई। इससे यह साबित हो गया कि अब वह पूरी तरह से परजीवी पार्टी बन गई है। क्योंकि हरियाणा में भी अकेले थी तो हार गई। यही वजह है कि हरियाणा में भाजपा की जीत से ज्यादा कांग्रेस की हार और तीसरे-चौथे मोर्चे के जार-जार होने की चर्चा हर ओर छिड़ी हुई है।

देखा जाए तो हरियाणा में कांग्रेस को शिकस्त देकर भाजपा ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि चुनावी रणनीति बनाने में उसके रणनीतिकारों की कोई तोड़ नहीं। हां, इतना जरूर है कि जब कभी भी और जहां कहीं भी वह हारती है तो अपनों की भीतरघात की वजह से और जहां कहीं भी ताल ठोंक कर जीतती है तो आरएसएस के वरदहस्त और अपने कार्यकताओं के अतिउत्साह के चलते, जो हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं। और अब जिस तरह से प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा करार दिया है, वह भी उसपर भारी पड़ने वाला है। जिस तरह से भारत के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और सामाजिक तानेबाने को कमजोर करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिशें हो रही हैं, उसके मुताल्लिक पीएम मोदी की बातों में दम है। निःसन्देह कांग्रेस उसी मुस्लिम लीग की टू कॉपी बनती जा रही है, जिसके प्रतिरोध स्वरूप उसने राष्ट्र विभाजन तक को स्वीकार किया था।

सच कहूं तो हरियाणा के मामले में चुनावी पंडित जिस तरह से गच्चा खा गए, उससे फिर यह बात स्पष्ट हो गई कि राजनीति में दो जोड़ दो बराबर चार समझने की भूल कभी नहीं करनी चाहिए और जो ऐसा करते हैं, सियासत के हाशिये पर चले जाते हैं हुड्डा-शैलजा सरीखे अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह! जानकारों के मुताबिक, हरियाणा में हैट्रिक लगाते हुए भाजपा वहां तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। आम चुनाव 2024 में कांग्रेस गठबंधन को मिली तात्कालिक अप्रत्याशित सफलता की बात यदि छोड़ भी दी जाए तो हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, गुजरात आदि के बाद हरियाणा भी एक ऐसा राज्य बन चुका है, जहां पर बीजेपी ने अपने मजबूत चुनावी प्रबंधन से विरोधी पार्टियों के मंसूबे ध्वस्त कर दिए। वहीं, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मूकश्मीर जैसे राज्यों में भी उसकी स्थिति सुधरी है।

हरियाणा में जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी के बावजूद बीजेपी का तीसरा बार जीतना बहुत मायने रखता है। क्योंकि उसकी जीत अब इस बात को स्पष्ट करती है कि एससी-ओबीसी मतदाताओं को खींचने में कामयाब रही। भले ही चुनाव नतीजों से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी और यहां तक कहा गया था कि किसान, जवान और पहलवान बीजेपी से नाराज हैं। इसलिए उससे सत्ता छिन जाएगी, लेकिन मुख्यमंत्री सैनी के आत्मविश्वास के चलते जो असल नतीजे आए, उससे कहानी बिल्कुल पलट गई है। गीता की धरती पर सत्य की जीत हुई। कुरुक्षेत्र वाले भूभाग में कौरवों सरीखी कांग्रेस हार गई। बीजेपी ने गत लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए गैर जाट मतदाताओं को गोलबंद करने का काम किया और अपनी रणनीति में वह कामयाब हो गई। खासकर एससी और ओबीसी समुदाय से आने वाले मतदाताओं पर उसने फोकस किया और उनको अपनी तरफ खींचने में कामयाब रही। वहीं, चुनाव से ठीक पहले बीजेपी की सीएम बदलने वाली रणनीति भी गुजरात की तरह ही कामयाब रही। क्योंकि नायब सिंह सैनी, ओबीसी समुदाय से आते हैं, जिनको सीएम बनाने से ओबीसी मतदाताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश गया। वहीं, ओबीसी रणनीतिकार दिलीप मंडल को मलाईदार पद देने के बाद उनके समर्थकों ने भी कमल खिलाने का काम किया।

भले ही हरियाणा में जाट मतदाताओं का वोट बैंक बहुत बड़ा है जिनके समर्थन पर कांग्रेस काफी निर्भर रही है, लेकिन उनमें भी दरार डालने में भाजपा सफल रही। जाट मतदाता कितने शक्तिशाली हैं, इसका अंदाजा इस बात से मिलता है कि राज्य में जाट समुदाय से आने वाले मुख्यमंत्री लगभग 33 साल तक शासन कर चुके हैं। हालांकि, वर्ष 2014 में, जब बीजेपी सत्ता में आई तो कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा को जाना पड़ा, जो जाट समाज से ही आते हैं। क्योंकि बीजेपी ने तब मनोहर लाल खट्टर को सीएम बनाया जो एक पंजाबी खत्री समुदाय से सम्बन्धित हैं। जब 2019 में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, तो उसने जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला का समर्थन लिया था, जो एक महत्वपूर्ण जाट नेता हैं।

बीजेपी के लिए यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि उसके खिलाफ यहां तगड़ी एंटी इनकंबेंसी लहर थी। जिससे पार्टी भी वाकिफ थी। इसलिये अंतिम समय में पार्टी ने नेतृत्व परिवर्तन किया और मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया। वहीं, राज्य बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और पूर्व सांसद संजय भाटिया जैसे वरिष्ठ नेताओं तक को विधानसभा चुनावों से दूर रखने का फैसला उनकी रजामंदी से किया। क्योंकि गत लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 2024 के आम चुनावों में, बीजेपी ने 10 में से सिर्फ 5 लोकसभा सीटें जीतीं और महज 46.1 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस ने बाकी सीटें छीन लीं और 43.7 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी का वोट शेयर 58 प्रतिशत था, जो अब 12 प्रतिशत घटकर 46.1 प्रतिशत रह गया। हालांकि विधानसभा चुनाव के आंकड़े अब बिलकुल अलग तस्वीर पेश करते हैं, जिससे भाजपा को भी सुकून मिली है।

हरियाणा में मिली अप्रत्याशित बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों के लिहाज से भी एक शुभ संकेत जैसा ही है, जिसकी शुरूआत महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव से होगी। फिर दिल्ली भी इससे प्रभावित होगी, क्योंकि उसके चारों ओर कमल खिला हुआ है। इस प्रकार हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई अप्रत्याशित गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। क्योंकि यहां की जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में भी बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। बशर्ते कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर कतरने वाली सियासत को वह अंदरूनी तौर पर बढ़ावा नहीं दे। क्योंकि हरियाणा में भी सर्वाधिक मांग योगी की ही थी चुनाव प्रचार के दौरान। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में इस वर्ष के आखिर तक चुनाव होने वाले हैं। वहीं, झारखंड में भी जल्द ही चुनाव होंगे। संभव है कि दिल्ली का चुनाव भी इन राज्यों के साथ हो जाए। अगले वर्ष बिहार में भी चुनाव होंगे। इसलिए हरियाणा में जीत से बीजेपी को एक तरीके से आगामी चुनावों में जो नैतिक बढ़त हासिल होगी, वही उसकी वास्तविक पूंजी है।

# हरियाणा में जीतते-जीतते आखिर क्यों हार गई कांग्रेस!

कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर के बाद राज्य स्तर पर आंतरिक गुटबाजी को खत्म करना चाहिए था। मगर ऐसा हो न सका। यह साफ देखा जा सकता है कि भीतरी कलह पार्टी को नुकसान पहुंचाती है और भविष्य में इस प्रकार के नुकसान से बचने के लिए पार्टी को कदम उठाने पड़ेंगे। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओ को हर अहम मुद्दे पर लोगों के बीच जाना होगा और सरकार पर दबाव बना होगा ताकि पार्टी का रुख लोगों के सामने साफ हो सके।

**एडवोकेट डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम और रुझानों ने एक बार फिर एग्जिट पोल को झूठा साबित कर दिया । यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा को लेकर जारी एग्जिट पोल पर खुशी मनाते कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए मतगणना का दिन अच्छा नहीं रहा। जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम भी कांग्रेस के लिए बहुत ज्यादा खुशी लेकर नहीं आए। नेशनल कॉन्फ्रेंस बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो रही है। उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है। भाजपा जम्मू-कश्मीर में मजबूत विपक्ष के रूप में उभरी है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर के चुनाव में जम्मू क्षेत्र में यदि अच्छा प्रदर्शन करती तो शायद यह पार्टी और उसके भविष्य के साथ-साथ गठबंधन की सरकार को मजबूती प्रदान करता ,लेकिन परिणाम उसके उलट ही रहे। हार के कारणों को गिने तो 10 साल से सत्ता से बाहर रही कांग्रेस के कार्यकर्ता कुछ शिथिल पड़ गए हैं। पार्टी चुनाव के लिए देर से कमर कसती है। 10 साल में राज्य में कांग्रेस, भाजपा सरकार की कमी और लोगों के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठा नही पाई। लोकसभा चुनाव में हालांकि कांग्रेस ने बेहतर परिणाम दिए थे और हरियाणा की 10 में से पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी।

कांग्रेस के भीतर गुटबाजी ने कार्यकताओं तक को एक-दूसरे से दूर रखा । इस गुटबाजी को साफ तौर पर देखा भी गया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला के समर्थकों में एक राय न होना भी हार की एक वजह है। साथ ही इस पराजय की बड़ी वजह इन तीनों ही नेताओं के कार्यकताओं को अपने-अपने नेताओं को सीएम पद की दौड़ में सबसे आगे देखने की होड़ भी है। सब कह रहे हैं कि यही कांग्रेस की लुटिया डूबने की वजह है। रणदीप सुरजेवाला की ओर से भले ही कोई बयान न आया हो, लेकिन हरियाणा कांग्रेस की राजनीति में वह भी एक धुरी बन गए थे। हुड्डा और सैलजा के बीच की कड़वाहट सार्वजनिक मंचों पर देखने को मिली।दोनों ही नेताओं की सीएम बनने की इच्छा उनके ही बयानों से सामने आ रही थी। हालांकि दोनों ही नेता पार्टी आलाकमान पर नेता चुनने की बात कह रहे थे लेकिन अपनी बात भी स्पष्ट रख रहे थे। कांग्रेस का सीएम पद का ऐलान न करना भी नुकसानदेह रहा। यदि पार्टी पहले से ही सीएम पद का ऐलान कर देती तो संभवतः यह गुटबाजी देखने को नहीं मिलती। कार्यकताओं में जोश बराबर रहता और सभी एक नेता के नाम के साथ जनता के बीच जा सकते थे। जनता के मन में भी किसी प्रकार का कोई संशय नहीं होता।

लेकिन कांग्रेस आलाकमान अपने नेताओं की अंतर्कलह को अंत तक सुलझाने में कामयाब नहीं हो पाए। हालात कितने खराब थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एग्जिट पोल के बाद से ही अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने में लगे रहे, यहां तक की मतगणना के दिन भी मीडिया को दिए बयानों में कांग्रेस के सीएम पद के दावेदार अपनी कुर्सी पक्की मानकर चल रहे थे। हुड्डा तो दिल्ली का दौरा भी कर गए। दलित समाज के वोटों का सरकना भी कांग्रेस की हार का एक कारण रहा। लोकसभा चुनाव में जाट और दलित वोटों ने कांग्रेस का बेड़ा पार किया था, लेकिन अब कहा जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों में दलित वोट एक बार फिर छिटक कर भाजपा के पाले में चला गया। राज्य में जाटों का वोट प्रतिशत करीब 22 प्रतिशत है, जबकि 20 प्रतिशत दलित वोट है।

दलितों का वोट पार्टी से जाना कांग्रेस के लिए एक सदमा दे गया। राज्य में ओबीसी वोट और दलित वोट इस बार फिर भाजपा के पक्ष में गया। वैसे भी कांग्रेस का पूरा जोर जाट वोटों पर था, जिसका खामियाजा पार्टी अब हार के रूप में भुगत रही है। राज्य में इंडी अलायंस न बन पाने के कारण इसके दो घटक कांग्रेस से नाराज हो गए। राज्य में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस से 90 सीटों में से 10 सीटों की मांग कर रही थी जबकि समाजवादी पार्टी भी राज्य में दो सीट चाह रही थी। अंतिम समय तक इन दलों में सहमति नहीं बन पाई। आम आदमी पार्टी ने नाराजगी में अपने 29 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी ,हालांकि उसे भी शून्य पर सिमटना पड़ा है। हालांकि आम आदमी पार्टी केवल चार सीटों पर कुछ असर डाल रही थी, लेकिन कांग्रेस का कहना है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की अच्छे परफॉर्मेंस वाली सीटों की मांग कर रही थी। ऐसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सुरजेवाला ने गठबंधन के विरोध में अपनी राय व्यक्त की। पार्टी की ओर इस कार्य के लिए तैनात किए गए अजय माकन ने दोनों की बात को स्वीकारा और अंततः गठबंधन नहीं हो पाया। इस कारण आम आदमी पार्टी का दो प्रतिशत वोट कांग्रेस के हाथ से फिसल गया।

कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर के बाद राज्य स्तर पर आंतरिक गुटबाजी को खत्म करना चाहिए था। मगर ऐसा हो न सका। यह साफ देखा जा सकता है कि भीतरी कलह पार्टी को नुकसान पहुंचाती है और भविष्य में इस प्रकार के नुकसान से बचने के लिए पार्टी को कदम उठाने पड़ेंगे। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओ को हर अहम मुद्दे पर लोगों के बीच जाना होगा और सरकार पर दबाव बना होगा ताकि पार्टी का रुख लोगों के सामने साफ हो सके। कांग्रेस अपने वोटों को बिखरने से बचाने के लिए कदम उठाए और नए वोटों को जोड़ने के लिए कदम उठाए। कांग्रेस की सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाने की क्षमता में बाधा डालने वाला एक और कारक उसकी अप्रभावी अभियान रणनीति रही। पार्टी का चुनाव अभियान काफी हद तक प्रतिक्रियात्मक था, जिसमें हरियाणा के लिए एक सम्मोहक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के बजाय राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के प्रदर्शन की आलोचना करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। जबकि बेरोजगारी, किसान संकट और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे उठाए गए, कांग्रेस इन चिंताओं पर मतदाताओं से पर्याप्त रूप से जुड़ने या ठोस समाधान पेश करने में विफल रही । सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के बावजूद, भाजपा स्थानीय वास्तविकताओं के अनुसार अपनी रणनीति को ढालकर कुछ हद तक नुकसान को कम करने में कामयाब रही। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हालांकि किसान विरोध और कानून व्यवस्था के मुद्दों से निपटने के लिए आलोचना के शिकार हुए, लेकिन साथ ही वे एक गैर-भ्रष्ट, सुलभ नेता की छवि बनाए रखने में कामयाब रहे। गैर-जाट समुदायों से उनकी अपील ने भाजपा को वोटों का एक बड़ा हिस्सा बनाए रखने में मदद की। इसके अलावा, भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और राष्ट्रवादी अपील का प्रभावी ढंग से लाभ उठाया। एक मजबूत नेता के रूप में मोदी की छवि, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास के भाजपा के आख्यान के साथ मिलकर, शहरी और अर्ध-शहरी मतदाताओं के बीच गूंजती रही, जो स्थानीय मुद्दों से कम और राष्ट्रीय चिंताओं से अधिक प्रभावित थे। दूसरी ओर, कांग्रेस, मोदी की अपील का मुकाबला करने के लिए एक समान एकीकृत आख्यान पेश करने में असमर्थ रही। जिन कांग्रेस नेताओं को फील्ड में भेजा गया, उनमें ज्यादातर सिफारिशी थे और प्रभावहीन भी, जो कांग्रेस को हार की तरफ खींच ले गए।

**(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# इसलिए बढ़ रहा स्वर्ण ऋण का चलन

भारत में वित्तीय वर्ष 2022–23 की प्रथम तिमाही में विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा 39,687 करोड़ रुपये के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए गए। स्वीकृत की जाने वाली यह राशि वित्तीय वर्ष 2023–24 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 62,835 करोड़ रुपये हो गई एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 की प्रथम तिमाही में और आगे बढ़कर 79,218 करोड़ रुपये हो गई।

**प्रहलाद सबनानी**

किसी भी देश के आर्थिक विकास को गति देने में पूंजी की आवश्यकता रहती है। तेज आर्थिक विकास के चलते यदि किसी देश में वित्तीय बचत की दर कम हो तो उसकी पूर्ति ऋण में बढ़ोतरी से की जा सकती है। भारत में ऋण सकल घरेलू अनुपात अन्य विकसित एवं कुछ विकासशील देशों की तुलना में अभी बहुत कम है। परंतु, हाल ही के समय में भारत का सामान्य नागरिक ऋण के महत्व को समझने लगा है एवं भौतिक संपत्ति के निर्माण में अपनी बचत के साथ साथ ऋण का भी अधिक उपयोग करने लगा है। कुछ बैंक सामान्यजन को ऋण प्रदान करने हेतु प्रतिभूति की मांग करते हैं। भारत में सामान्यजन के पास स्वर्ण के रूप में प्रतिभूति उपलब्ध रहती है अतः स्वर्ण ऋण बहुत अधिक चलन में आ रहा है। विशेष रूप से गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा ऋण की प्रतिभूति के विरुद्ध स्वर्ण ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है।

भारत में वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा 39,687 करोड़ रुपये के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए गए। स्वीकृत की जाने वाली यह राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 62,835 करोड़ रुपये हो गई एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में और आगे बढ़कर 79,218 करोड़ रुपये हो गई। गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में स्वर्ण ऋण के मामले में 26 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर हासिल की है जबकि अन्य प्रकार के ऋणों में इसी अवधि के दौरान औसत वृद्धि दर 12 प्रतिशत की रही है। भारतीय नागरिक स्वर्ण ऋण के प्रति बहुत अधिक आकर्षित हो रहे हैं। आज भारत के विभिन्न गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों एवं विभिन्न बैंकों द्वारा भारी मात्रा में स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए जा रहे हैं।

अगस्त 2024 में बैंकों एवं गैर बैकिंग वित्तीय कम्पनियों ने मिलकर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए 1.4 लाख करोड़ रुपये के स्वर्ण ऋण स्वीकृत किए हैं। आज गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के कुल ऋण में स्वर्ण ऋण का प्रतिशत में हिस्सा सबसे अधिक है, दूसरे स्थान पर स्कूटर एवं चार पहिया वाहनों के लिए प्रदान किए गए ऋणों का ऋण हैं, इसके बाद तीसरे स्थान पर व्यक्तिगत ऋण 14 प्रतिशत के भाग के साथ है एवं इसके बाद जाकर गृह ऋण का नम्बर आता है जो कुल ऋण का 10 प्रतिशत भाग है। बैकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वर्ण ऋण पर पूंजी पर्याप्तता सम्बंधी शिथिल नियमों का पालन करना होता है। अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में स्वर्ण ऋण पर जोखिम का भार (रिस्क वेट) तुलनात्मक रूप से कम रहता है। इससे बैंक एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियां भी स्वर्ण ऋण प्रदान करने की ओर आकर्षित होते हैं।

यहां स्वाभाविक रूप से प्रश्न उभरता है कि पिछले लगभग 3 वर्ष के दौरान भारत के नागरिकों में स्वर्ण ऋण के प्रति इतना रुझान क्यों बढ़ा है? भारतीय रिजर्व बैंक के पास स्वर्ण का भंडार बढ़कर 822 मीट्रिक टन से भी अधिक हो गया है परंतु विश्व स्वर्ण काउन्सिल के एक अनुमान के अनुसार, भारतीय नागरिकों के पास स्वर्ण का भंडार बढ़कर 25000 टन से भी अधिक है। इसकी बाजार कीमत वर्ष 2020 में 109 लाख करोड़ रुपये थी। भारत में नागरिकों के पास स्वर्ण भंडार विश्व के कुल स्वर्ण भंडार का 11 प्रतिशत है। भारत में प्रतिवर्ष 750 से 800 टन स्वर्ण का आयात होता है और पिछले 25 वर्ष के दौरान भारत में 17,500 टन स्वर्ण का आयात हुआ है और मार्च 2019 से मार्च 2024 के दौरान भारत में स्वर्ण भंडार 40 प्रतिशत बढ़ गया है।

दरअसल, भारत में दीपावली (धनतेरस) के शुभ अवसर पर स्वर्ण की खरीद को शुभ माना जाता है एवं मध्यमवर्गीय परिवार भी धनतेरस के दिन स्वर्ण की खरीद प्रति वर्ष करते हैं। इससे भारत के करोड़ों परिवारों के पास स्वर्ण का स्टॉक उपलब्ध रहता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों द्वारा स्वर्ण ऋण प्रदान करने के सम्बंध में नियमों को बहुत सरल बनाया है एवं अब भारतीय नागरिकों को स्वर्ण के स्टॉक के विरुद्ध ऋण बहुत ही आसान शर्तों पर उपलब्ध होने लगा है। भारत में प्रचिलित परम्पराओं के अनुसार मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा स्वर्ण को बेचना शुभ नहीं माना जाता है जबकि स्वर्ण की खरीद को शुभ माना जाता है। अतः स्वर्ण को बाजार में बेचने के स्थान पर स्वर्ण को बैंक में गिरवी रखकर उसके विरुद्ध बैंक से आसानी से स्वर्ण ऋण प्राप्त करना ज्यादा उचित माना जाता है।

हाल के वर्षों में भारतीय शेयर बाजार बहुत ही तेज गति से आगे बढ़ रहा है और विभिन्न कम्पनियों के शेयरों में किए गए निवेश पर 12 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की आय प्रतिवर्ष होने लगी है। इससे बहुत बड़ी मात्रा में भारतीय नागरिक (खुदरा निवेशक) शेयर बाजार में निवेश करने हेतु आकर्षित हुए हैं। चूंकि स्वर्ण ऋण बहुत ही आसानी से उपलब्ध होने लगे हैं अतः मध्यमवर्गीय परिवार स्वर्ण ऋण लेकर पूंजी बाजार में निवेश अथवा चार पहिया वाहन खरीदने एवं गृहों का निर्माण करने लगे हैं। स्वर्ण ऋण की राशि आसान किश्तों में जमा करानी होती है, अतः स्वर्ण लेने वाले नागरिकों पर कोई बहुत अधिक दबाव भी नहीं पड़ता है। उक्त कारणों के चलते भारत में हाल ही वर्षों में स्वर्ण ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

चूंकि बैंकों एवं गैर गैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदान किया जा रहे स्वर्ण ऋण में वृद्धि दर अतुलनीय रही है अतः भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण ऋण स्वीकृति करने सम्बंधी नियमों के कठोर अनुपालन के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को हाल ही में चेताया है ताकि इन बैंकों द्वारा स्वर्ण ऋण स्वीकृत करने में किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जा सके तथा स्वर्ण ऋण के खाते गैर निष्पादनकारी आस्तियों (एनपीए) में परिवर्तित नहीं हों। यदि बैंकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्वर्ण ऋण सम्बंधी नियमों का अनुपालन अक्षरशः किया जाता है तो स्वर्ण ऋण खाते का गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तितत होना सम्भव नहीं है। हां, यदि असली स्वर्ण के स्थान पर नकली स्वर्ण के विरुद्ध ऋण स्वीकृत किया जाता है तो स्वर्ण ऋण खाते की गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित होने की सम्भावना बन जाती है। इसलिए स्वर्ण ऋण प्रदान करते समय बैंकों को ऋण असली है इसकी पक्की जानकारी होना आवश्यक है। इसके लिए स्वर्ण की जांच पुख्ता तरीके से की जानी चाहिए।

**(लेखक, आर्थिक मामलों के विश्लेषक एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)**

# कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है

**अध्यात्म**



प्राचीन नीति शास्त्र और ग्रंथों में भाग्य का महत्व स्वीकार किया गया है, लेकिन यह भी बताया गया है कि भाग्य के साथ-साथ कर्म यानि प्रयास और पुरुषार्थ का भी बड़ा महत्व है। पंचतंत्र की एक कथा का सार भाग्य और पुरुषार्थ के रहस्य को बताता है, कथा अनुसार एक अज्ञानी व्यक्ति सोचता है कि वह बिना मेहनत किए राजा के समान जी सकता है, लेकिन उसे यह बाद में पता चलता है कि बिना कर्म के सिर्फ भाग्य पर भरोसा करने से कुछ नहीं होता।

इसलिए नीति शास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य का भविष्य उसके हाथ में ही होता है और यदि वह सही दिशा में प्रयास करें तो वह अपने भाग्य को बदल सकता है। भाग्य और पुरुषार्थ के संतुलन को महत्वपूर्ण माना गया है। भाग्य व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा है लेकिन सही समय पर सही कर्म और बुद्धिमानी से निर्णय लेना भी आवश्यक है। मनुस्मृति के अनुसार अगर व्यक्ति निष्क्रिय होकर सिर्फ भाग्य का इंतजार करता है, तो वह असफल हो सकता है।

कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है। भाग्य से प्राप्त होने वाली परिस्थितियां हमारे वश में नहीं होती, लेकिन उन पर प्रतिक्रिया कैसे देनी है, यह हमारे हाथ में होता है। अर्जुन का उदाहरण इस बात को स्पष्ट करता है, कि भाग्य महत्वपूर्ण है, लेकिन बिना पुरुषार्थ के सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। महाभारत के अनुसार पुरुषार्थी, भाग्य के अनुसार प्रतिष्ठा पाता है, पर अकर्मण्य असह्य दुःख भोगता है। भाग्य परिस्थितियों को निर्धारित कर सकता है, लेकिन व्यक्ति के कर्म ही उसके परिणाम को प्रभावित करते हैं। भाग्य और कर्म दोनों साथ-साथ चलते हैं, लेकिन कर्म करने वाला ही भाग्य के साथ सफल होता है।

पंचतंत्र के अनुसार मनुष्य को जिस वस्तु की प्राप्ति होनी है, वह अवश्य होगी, उसमें भाग्य भी बाधा नहीं डाल सकता। जो हमारा है, वह किसी अन्य का नहीं हो सकता। कर्म और भाग्य रहस्य को समझना अत्यन्त कठिन है, इसलिए बस ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से सही दिशा जानकर कर्म करते रहें, परिणाम खुद चलकर आपके पास आएगा।

## हेल्थ

### पुरुषों में बढ़ रहा अस्थमा

**दुनिया** भर के लाखों पुरुष फेफड़ों के कैंसर से प्रभावित हैं। फेफड़ों के कैंसर का सबसे महत्वपूर्ण कारक धूम्रपान है। बचपन की सबसे आम बीमारियों में से एक अस्थमा है। वैश्विक स्तर पर लगभग 10% 6 से 7 वर्ष की आयु के बच्चों को अस्थमा की समस्या का प्रचलन है। इसमें फेफड़ों की सूजन के कारण श्वसन मार्ग में सूजन हो जाती है, जिस कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। इसकी समस्या में फेफड़े में होने वाली सूजन यदि लंबे समय तक रहे तो यह कैंसर हो जन्म दे सकती है। पुरुषों में श्वसन संबंधी बीमारियां बहुत ही गंभीर समस्याएं हैं। डॉक्टर ऊष्मा सिंह, डायरेक्टर पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी एंड हेमाटोलॉजी, एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल सोनीपत,के मुताबिक श्वसन संबंधी बीमारियां जीवन की गुणवत्ता और आयु को बुरी तरीके से प्रभावित करती हैं। अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियां होने के लिए विभिन्न कारक है, जैसे- तंबाकू का सेवन, पर्यावरण में मौजूद प्रदूषण, अनुवांशिक इतिहास और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या। हमारा शरीर कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। कोशिकाएं खुद की मरम्मत करने में सक्षम होती हैं लेकिन जब कभी-कभी वह बहुत ही असामान्य तरीके से विकसित होने लगती है तो किसी गांठ या ट्यूमर के रूप में बदल जाती हैं। आमतौर पर यह श्वसन मार्ग की परत में शुरू होता है।


मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# घर में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**हत्या या आत्महत्या पुलिस कर रही है अनुसंधान, पति से नाराज होकर महिला चली गई थी अपने मायके**

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत मनिहारी टोला गोहलबाड़ी गांव में एक विवाहिता महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया। महिला का शव कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला।मामले को लेकर लोग दबी जुबान तरह तरह के चचाएं कर रहे है। स्थानीय पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया है। हालाकी मामला हत्या या आत्महत्या पुलिस गंभीरता से उसकी जांच पड़ताल कर रही है।



**नाराज होकर अपने मायके में रह रही थी महिला**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण सरफराजगंज पंचायत के गोहलबाड़ी निवासी जैदूर शेख की पत्नी नारगीश खातून 24 पिछले बीस दिनों से अपने मायके के घर बकाई टोला में रह रही थी। बताया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद चल रहा था। पति से नाराज होकर पत्नी अपने मायके घर चली गई थी। मृतिका के पति जैदूर शेख मुंबई में मजदूरी करता है। उसने कुछ दिनों से अपनी पत्नी को ससुराल आने की जिद कर रहा था। पत्नी के ससुराल नही आने पर जैदूर शेख के परिजन सोमवार को गांव के कुछ गणमान्य लोगों को लेकर बकाई टोला महिला को लाने गए थे। जहां महिला के परिजनों को समझा बुझाकर महिला को अपने ससुराल लाया गया। बताया जा रहा है कि महिला जब अपने ससुराल पहुंची तो किसी के साथ बातचीत भी नही की और ना ही रात में खाना खाई। उसने अपने तीन वर्षीय बेटी के साथ रात को अपने कमरे में सोने चली गई।बेटी ने मां को फंदे से लटका हुआ देख दादा को दी जानकारी तड़के सुबह महिला की बेटी जब नींद से जागी तो उसने अपनी मां को फंदे से लटका हुआ देखा। उसने तुरंत अपने दादा के कमरे में पहुंचकर घटना की जानकारी दी। उसके दादा जब कमरे में गए तो उसने अपने पुत्रवधु को फंदे से लटका हुआ पाया। इधर घटना की सूचना आग की तरह चारो ओर फैल गई। धीरे-धीरे आसपास के लोगों की भीड़ जूट गई। उधर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर राधानगर थाना के एसआई संजाय कुमार सिंह, एएसआई फुलेश्वर कुमार एकेला अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों से घटना से संबंधित जानकारी ली और शव को फंदे से नीचे उतारकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया। हालांकि मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है।

## दुर्गापूजा में उपद्रवियों पर रहेगी पुलिस की विशेष नजर : थाना प्रभारी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/उधवा :** दुगार्पूजा पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। पुलिस द्वारा हर अवैध गतिविधियों पर कड़ी से नजर रख रही है। वही लोगों से शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की भी अपील की जा रही है। इसी क्रम में राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने मंगलवार को क्षेत्रवासियों को दुगार्पूजा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील कि की त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष चौकसी बरती जा रही है। लोग किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे।

दुगार्पूजा शांति वातावरण में मनाएं। सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की पैनी नजर है। आपत्तिजनक कॉमेंट या भड़काऊ पोस्ट करने वाले पर पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहीं से अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाती हो तो पुलिस को इसकी सूचना दे। किसी को भी कानून को अपने हाथ में लेने का अधिकार नही है। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। शांतिपूर्ण तरीके से मेले का आनंद लें। जो लोग मेला में गलत करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनन कार्रवाई की जायेगी। पुलिस का सहयोग करे पुलिस 247 तत्पर आपकी सेवा के लिए तैयार है। पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हो इसको लेकर पूजा समिति के लोग अपना काम ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाए ताकि अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। सभी लोग कतार में लग कर पूजा अर्चना करेंगे। मूर्ति विसर्जन दिन में करें। रात में विसर्जन करने पर लाइट की व्यवस्था होना अनिवार्य है। छोटे बच्चों के साथ मूर्ति विसर्जन में शामिल न हो।वही थाना प्रभारी ने लोगों से प्रेम व सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की।

## पंडाल में भारी संख्या में उमड़ रही है लोगों की भीड़ : बिरेंद्र



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी दूर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार के देर शाम को मेला सह लिटिल चैम्प कार्यक्रम का उद्घाटन मंडरो जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेता धनंजय सोरेन पूजा समिति अध्यक्ष राजीव जयसवाल उपाध्यक्ष बिरेंद्र साह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।वहीं इस कार्यक्रम के दौरान दिलीप चौरसिया ने बताया कि मां की पट बुधवार को संध्या में खुलने से ही मेला एवं श्रद्धालुओं की मां की प्रतिमा का दर्शन प्रारंभ हो जाता है। भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी रही है।वहीं छोटे छोटे का बच्चे लिटिल चैम्प प्रतियोगिता कार्यक्रम शुरू हो गई है,तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 51 बच्चे भाग लिया है दशमी को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा, एवं अन्य प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा,मोके पर समिति के बालेश्वर भगत, बद्री प्रसाद भगत, शंभूनाथ जयसवाल, दिलीप चौरसिया, एवं मनोज शर्मा, मनींद्र जयसवाल, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साहिबगंज स्टेशन से खुलेगी नई ट्रेन और होगी राजधानी ट्रेन का ठराव

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दिखाएंगे हरी झंडी**

**साहिबगंज :** मालदा रेलवे डिविजन लूप रेल खंड के साहिबगंज रेलवे स्टेशन में राजधानी ट्रेन का ठहराव व नई ट्रेन साहिबगंज से चलकर हावड़ा तक जाने वाली ट्रेन का गुरूवार को लगभग 1:30 बजे रेलवे मंत्री अशिवनी वैष्णव दवरा के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी जिसमें आनंद विहार-अगरतला- तेजस राजधानी एक्सप्रेस काठराव साहिबगंज रेलवे स्टेशन से प्रदान किया जा रहा है ।और साथ ही साथ साहिबगंज रेलवे स्टेशन से चलकर हावड़ा तक जानी वाली नई इंटरसिटी एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ किया जाएगा।समाचार लिखे जाने तक रेलवे स्टेशन पर तैयारी पुरी कर ली गई हैं।

## चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाले पर होगी कड़ी कार्रवाई : आरपीएफ




मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** मालदा रेलवे डिविजन अंतर्गत साहिबगंज रेलवे स्टेशन में आरपीएफ रंजीत कुमार के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमें यात्रियों को कहा गया की यात्रा के समय किसी अनजान व्यक्ति से कोई सामान ना लेकर खाए।जिससे आपको नाश का शिकार होना पड़ता है।जो भी यात्री ट्रेन में यात्रा करते हैं।वह सतर्क रहें और अनजान आदमी से दूर रहे जबकि यात्रियों के साथ होने वाले चोरी व नशा करने का शिकार पर नकल कस सकेंगे यात्री सुरक्षित रहेगी।इसलिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।वहीं दूसरी ओर पश्चिमी फाटक के समीप हरिजन टोला में भी जागरूकता अभियान चलाया गया।कि आए दिन चलती ट्रेन पर पश्चिमी फाटक के पास पत्थर फेंकने वाले अज्ञात अपराधियों पर भी नकल कर सके।इसलिए स्थानीय आदमी से अनुरोध करते हुए कहा गया।कि अगर कोई चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकता है।तो इसकी सूचना तुरंत आरपीएफ सुरक्षा बल को दे सकते हैं।इस जागरूकता अभियान में आरपीएफ सुरक्षा बल के कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## बिजली आपूर्ति बाधित होने पर लोगों को हो रही थी परेशानी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के कटहल बाड़ी हाजी सिकंदर टोला गांव में बुधवार को झामुमो के वरिष्ठ नेता मो ताजीउद्दीन उर्फ एमटी राजा के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जहां ट्रांसफॉर्मर लगते ही लोगों के चेहरों में छाई मायूसी दूर हो गई और चेहरों में मुस्कान देखी गई। लोगों ने एमटी राजा का आभार प्रकट किया है।जानकारी के अनुसार कटहल बाड़ी हाजी सिकंदर टोला गांव में ट्रांसफार्मर के जल जाने से पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। जिससे लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के जल जाने से विभाग को आवेदन देकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई थी। लेकिन ट्रांसफार्मर नही लगाया गया था। बिजली बाधित होने पर उमस भरी गर्मी में लोगों को काफी परेशानी होती थी। बच्चों के पठन पाठन प्रभावित हो गया था। साथ ही घरेलू उपकरण भी बिजली आपूर्ति के अभाव में दम तोड़ दिया था। वही समस्या को लेकर झामुमो नेता एमटी राजा से नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई थी। लोगों की मांगों पर खरा उतरते हुए एमटी राजा ने तत्काल गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया। इससे गांव में छाए हुए अंधेरा दूर हो गई है। वही ट्रांसफार्मर लगते ही लोगों ने एमटी राजा का आभार प्रकट किया है।

## ओरसा में वज्रपात में चार मजदूरों की मौत

मेट्रो रेज

**लातेहार :** बुधवार की शाम तकरीबन पांच छह बजे अचानक हुई वज्रपात से चार मजदूरों की मौत हो गई। घटना जिले के महुआडांड़ प्रखंड के ओरसा पंचायत की है। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। मृतकों में संजय नगेसिया, लालू नगेसिया, रविशंकर नगेसिया, जितेंद्र लोहरा शामिल हैं। राजेश नगेसिया, पंचम लोहरा गंभीर रूप से घायल हैं। महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। बताया जा रहा है की मजदूर काम कर अपने गांव ओरसा लौट रहे थे। इसी बीच अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए सभी मजदूर पास में ही एक पुलिया के नीचे छिप गए। इसी दौरान अचानक वज्रपात हो गया। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने चार मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। दो घायल मजदूरों का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि वज्रपात के बाद सभी घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए तुरंत एंबुलेंस को बुलाया गया। लेकिन सड़क नही रहने के कारण एंबुलेंस का गांव तक पहुंच नहीं पाया। घायलों को गांव से ही एक निजी वाहनमें बैठाकर नदी किनारे लाया गया। उसके बाद एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

मेट्रो रेज

**लातेहार:** दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर जिला मुख्यालय में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इसका नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने किया। मौके पर एसडीपीओ अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो व थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा शामिल थे। फ्लैग मार्च शहर के सदर थाना से प्रारंभ हुई और शहर के मेन रोड होते हुए समाहरणालय पहुंची। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। शुभम संदेश से बातचीत के क्रम में एसडीओ रजक ने कहा कि प्रशासन दुर्गा पूजा मे विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए पूरी तरह से तत्पर है।

उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वो को चिन्हित किया गया और उन्हें नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया मे सांप्रदायिक या भ्रामक खबरें पोस्ट करने पर कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि अगर कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त होती है तो नजदीकी थाना को सूचित करें। उन्होंने प्रतिमाओं का विसर्जन तय रूट से ही करने की बात कही। गारू(लातेहार)। गारू में दुर्गा पूजा को लेकर अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा और थाना प्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में फ्लेग मार्च निकाला गया। अधिकारियों ने पंडालों का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गारू, कोटाम और सरयू के पंडाल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूजा आयोजकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया और सुरक्षा के इंतजाम मुक्कमल रखने का निर्देश दिया।



## न्यूज IN ब्रीफ

### हेल्पिंग हैंड्स ने किया डांडिया का आयोजन

**साहिबगंज :** हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप द्वारा अयोध्या धाम परिसर साहिबगंज में नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य डांडिया प्रोग्राम का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में शहर के जाने-माने लोग उपस्थित रहे। कार्यकम का उद्देश्य वार्षिक मिलन और चैरिटी प्रोग्राम है।इस कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं युवाओं ने जमकर डांडिया प्रोग्राम प्रस्तुत किया हेल्पिंग हैं।ड्स के निदेशक अभिदेव प्रशांत सागर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर हम लोग डांडिया प्रोग्राम का आयोजन करते हैं इसके माध्यम से सामाजिक समरसता के तहत परिवार मिलन का कार्य कार्यक्रम रखते हैं और सभी के सहयोग से आने वाले समय में समाज के अंतिम लोगों तक हर प्रकार के सुविधा उपलब्ध खराब सके इसके लिए प्रयास करते हैं।इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों युवाओं महिलाओं ने भाग लिया।

### जरूरतमंदों की सेवा करना पुनीत कार्य : मंत्री मिथिलेश कुमार



**गढ़वा :** पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने नवरात्र के पावन मौके पर बुधवार को अपने आवास पर दिव्यांगो के बीच ई-ट्राई साइकिल का वितरण किया। मंत्री ठाकुर ने विभिन्न प्रखंडों के 30 गरीब दिव्यांगजनों को ई-ट्राई साइकिल एवं हेलमेट प्रदान किया। तत्पश्चात उन्हें मिठाई खिलाकर एवं हरी झंडी दिखाकर अपने-अपने घर के लिए रवाना किया। बैटरी चालित यह ई-ट्राई साइकिल एक घंटे की फुल चार्जिंग में लंबी दूरी तय करेगी। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों की सेवा करना बहुत बड़ा पुनीत कार्य है। शुरू से ही वे इस प्रकार के कार्यां में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। ठाकुर ने कहा कि नवरात्र के पावन मौके पर झामुमो जिला कमेटी ने अपने सेवा कार्यां के तहत दिव्यांग जनों के बीच ई-ट्राई साइकिल वितरण करने का निर्णय लिया। इसके आलोक में आज 30 लोगों के बीच वितरित किया गया। आगे भी आवश्यकतानुसार अन्य जरूरतमंद दिव्यांगों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस ई-ट्राई साइकिल से इनका जीवन शैली काफी आसान हो जाएगा। वे अपने गांव सहित शहर में भी सुगमतापूर्वक आवागमन कर सकते हैं। अपने दैनिक कार्यां के निष्पादन में इन्हें काफी सहुलियत होगी। ई-ट्राई साइकिल प्राप्त कर दिव्यांगों के चेहरे पर काफी खुशी झलक रही है। इनके चेहरे पर मुस्कान देखकर मुझे आत्मसंतुष्टि की प्राप्ति होती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 260 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पलामू :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कचरवा डैम के समीप से पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया और उससे 260 ग्राम अफीम और मोबाइल बरामद किया। गिरफ्तार तस्कर का नाम इजराइल अंसारी है। सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पलामू एसपी रिशमा रमेशन को सूचना मिली थी कि अफीम के तस्कर सदर थाना क्षेत्र के काचारवा डैम स्थित आपस में लेनदेन करने पहुंच रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर शहर थाना प्रभारी देवबरत पोद्दार के नेतृत्व में पुलिस की टीम कचरवा डैम के पास छापेमारी की। इस दौरान गिरफ्तार इजराइल पुलिस को देखकर भागने लगा। तभी पुलिस शक के आधार पर उसको गिरफ्तार किया। हालांकि एक शख्स भागने में सफल रहा। पूछताछ में इजराइल ने कबूल किया कि अफीम कलाम मियां नामक शख्स को देने आया था। सर्च के दौरान उसके जूते में 260 ग्राम अफीम मिला, जिसे जब्त किया गया। सीडीपीओ ने बताया कि कलाम के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए इलाके में पुलिस छापेमारी कर रही है।

### डीसी ने किया नवरात्र व्रत लोगों को दी दशहरा की बधाई

**पलामू:** पलामू में आमलोगों के साथ खास लोग भी नवरात्र का पाठ कर रहे हैं। इसमें पलामू उपायुक्त शशि रंजन भी हैं। उन्होंने पारंपरिक तरीके से नवरात्र का व्रत रखा है। एकम से उपायुक्त शशि रंजन उपवास में रहकर पारंपरिक तरीके से नवरात्र की पूजा कर रहे हैं। नवरात्र की पूजा करने के बाद उपायुक्त दिन भर फलाहार पर रहते हैं। साथ ही जिले की बागडोर बखूभी संभाल रहे हैं। प्रतिदिन नियमित रूप से कार्यालय भी जा रहे हैं और सरकारी कार्य को निष्पादित भी कर रहे हैं। पलामू उपायुक्त ने नवरात्र करते हुए क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामना भी कर रहे हैं। पलामू उपायुक्त ने लगातर डॉट इन और शुभम संदेश से बात करते हुए जिले वासियों को नवरात्र और दशहरा पूजा की बधाई देते हुए अपील किया है कि शांतिपूर्ण और खुशाल वातावरण में नवरात्र त्योहार मनायें।

### कोयला वाहन की चपेट में आने से सुपरवाइजर की मौत

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मगध कोलियरी के 45 नंबर स्टॉक के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक जय मां अम्बे कंपनी में सुपरवाइजर का काम करता है। स्टॉक के पास वह खड़ा होकर कोयला हाइवा में लोड करवा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद युवक के शव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक युवक की पहचान कन्हैया सिंह के रूप में हुई है। वह बिहार के नवीनगर का रहने वाला बताया जाता है।

### पलामू की 'रबर की गुड़िया' प्रीति ने राज्य स्तरीय योग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**पलामू।** रांची स्थित खेल गांव के मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय योग चैंपियनशिप में पलामू की प्रीति कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंदर-19 बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। लचीलापन और कठिन योग आसनों के बेहतरीन प्रदर्शन से प्रीति ने न केवल निर्णायकों का, बल्कि उपस्थित दर्शकों को भी हैरत में डाल दिया। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आई बालिकाओं ने अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया लेकिन प्रीति ने अपने असाधारण कौशल और निपुणता से सभी को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक पर अपनी दावेदारी मजबूत की। प्रीति के योग प्रदर्शन को देखकर दर्शक दंग रह गए और कई बार उनके लचीलेपन को देख लोगों के मन में यह सवाल उठा कि 'लड़की है या रबर की गुड़िया।'

# हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया-3' का ट्रेलर हुआ रिलीज




कार्तिक आर्यन हिट फिल्म 'भूल भुलैया-2' से रूह बाबा के रूप में वापसी कर रहे हैं। इस नई फिल्म में वह त्रिप्ति डिमरी, ओरिजनल मंजुलिका, विद्या बालन और उनकी साथी, माधुरी दीक्षित के साथ नज़र आएंगे। अनीस बज़्मी के निर्देशन में इस प्रोजेक्ट को भूषण कुमार ने प्रोड्यूस किया है। कार्तिक आर्यन और त्रिप्ति डिमरी स्टारर भूल भुलैया 3 का मच अवेटेड ट्रेलर आखिरकार रिलीज़ हो गया है, जिससे हर तरफ मौजूद फैंस के बीच एक्साइटमेंट को लहर दौड़ गई है। ट्रेलर में कार्तिक आर्यन को रूह बाबा के रूप में वापस आते हुए दिखाया गया है, जो अपने मज़ेदार पर्सनालिटी और कॉमेडी के लिए पसंद किया जाने वाला किरदार है। फिल्म में एक्टर के साथ विद्या बालन भी हैं, जिन्होंने पहली फिल्म में मशहूर मंजुलिका का किरदार निभाया था। विद्या बालन द्वारा निभाए गए रहस्यमयी आत्मा के किरदार ने कई लोगों को डरा दिया था। इस बार इस फ्रैंचाइज़ ने और भी ज़्यादा ट्विस्ट और रोमांचक पलों के साथ चीज़ों को और आगे बढ़ाया है, जो फ़िल्म की कहानी को आकार देते हैं। ट्रेलर में रूह बाबा और मंजुलिका के बीच होने वाली भिडंत की झलक दिखाई गई है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। स्मार्ट राइटिंग, कमाल के विजुअल्स और एक दिलचस्प कहानी के साथ, भूल भुलैया 3 का ऐम दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचना और इस दिवाली को यादगार बनाना है। रूह बाबा के मजेदार कारनामे और मंजुलिका की डरावनी छाया एक रोमांचक फिल्म का अनुभव देने का माहौल बना रही हैं। इसके अलावा भूल भुलैया-3 में जबरदस्त कास्ट हैं। इसमें कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी नजर आने वाली हैं। जबकि, सपोर्टिंग कास्ट में विजय राज, राजपाल यादव, संजय मिश्रा, अश्विनी कालसेकर और कई अन्य का नाम शामिल है। कहना गलत नहीं होगा की यह सपोर्टिंग कास्ट इस हॉरर-कॉमेडी में एक खास आकर्षण लाता है। भूल भुलैया-3 इस दिवाली पर 1 नवंबर को ग्रैंड रिलीज के लिए तैयार है।

# 65 साल के संजय दत्त ने फिर की शादी



संजय दत्त का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो वह अग्नि के सामने सात फेरे लेते नजर आ रहे हैं लेकिन अपनी तीसरी बीवी मान्यता दत्त के साथ ही नज़र आ रहे हैं। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो संजय दत्त के घर का बताया जा रहा है। घर में रेनोवेशन का काम किया गया है और उसी मौके पर पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा के दौरान संजय दत्त और मान्यता ने सात फेरे लिए हैं। खास बात यह है कि इन सात फेरों को पूजा का एक विधान कहा जाता है। इस मौके पर संजय दत्त ने केसरिया रंग का कुर्ता-पायजामा पहना हुआ था। वहीं मान्यता ने सिंपल कुर्ता पहना हुआ था।तीसरी बार शादी की संजय दत्त ने अपने चार दशक के करियर में 135 से ज्यादा फिल्में की हैं। 65 साल के संजय दत्त ने तीन शादियां की हैं। उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा से 1987 में शादी हुई, उनकी दूसरी पत्नी की 1996 में ब्रेन ट्यूमर से मृत्यु हो गई। 2008 में उन्होंने तीसरी शादी की। इसके बाद संजय ने मान्यता से 2008 में गोवा में शादी की। इससे पहले दोनों दो साल तक डेट कर रहे थे। शादी के 2 साल बाद दोनों जुड़वा बच्चों के माता-पिता बने।

# तृप्ति डिमरी ने 'एनिमल' में काम करने के बाद का सुनाया अनुभव



संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। इस फिल्म की जितनी तारीफ हुई, उतनी ही आलोचना भी हुई। इन सबमें एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी को काफी प्रसिद्धि मिली। इस फिल्म से एक्ट्रेस को एक अलग पहचान मिली। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि फिल्म के बाद उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा। तृप्ति डिमरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। उन्होंने कहा, उस समय फिल्म 'एनिमल' के बाद नकारात्मकता से निपटना मुश्किल था। तृप्ति ने कहा, नकारात्मक टिप्पणियों और नफरत ने मुझ पर बहुत प्रभाव डाला। इसलिए मैं मुझे मिल रही तारीफों पर ध्यान नहीं दे सकी।" तृप्ति ने कहा, श्फिल्म 'एनिमल' से पहले मुझे किसी भी तरह की आलोचना का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन, इस फिल्म के बाद मुझे काफी आलोचना मिली लेकिन अब मैं खुश हूं। क्योंकि- मुझे महत्वपूर्ण लोगों के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। हालांकि, शुरुआत में यह कठिन था। 'एनिमल' से पहले मैंने जो फिल्में कीं उनमें मुझे कोई आलोचना नहीं मिली थी। मैं कमेंट्स पढ़ती थी और यह सोचकर खुश होती थी कि लोग मेरे बारे में अच्छी बातें लिख रहे हैं। अब जीवन में कोई समस्या नहीं है। इस बारे में और बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, 'मैंने फिल्म 'एनिमल' में काम किया और आलोचना का सामना करना पड़ा। मैं सभी कमेंट्स पढ़ती थी। मुझे याद है एक महीने तक मुझे समझ नहीं आया कि ऐसा क्यों हो रहा है। मैंने बस अपना काम किया और मेरे बारे में इतनी बात क्यों की जा रही है। यह मेरे लिए एक कठिन महीना था। क्योंकि आधी दुनिया मेरी सफलता का जश्न मना रही थी और आधी दुनिया मेरे बारे में बुरी बातें कर रही थी। मैंने सकारात्मकताओं से अधिक नकारात्मकताओं पर ध्यान केंद्रित किया। फिल्म 'एनिमल' की रिलीज के बाद मैं कम से कम दो-तीन दिन तक रोई। मुझे इसकी आदत नहीं थी। ये सब अचानक हो रहा था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे ये सब झेलना पड़ेगा।' मैं एक संवेदनशील व्यक्ति हूं। इन सबका मुझ पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। इस बीच फिल्म 'एनिमल' के बाद उन्होंने करण जौहर द्वारा निर्देशित फिल्म 'बैड न्यूज' में काम किया। इसमें उनके साथ विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में थे। अब वह जल्द ही राजकुमार राव के साथ फिल्म 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आएंगी। इसके अलावा वह 'भूल भुलैया-3' और 'धड़क-2' में भी अहम किरदार में नजर आएंगी।

# एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की बढ़ी मुश्किलें



बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की इससे परेशानी बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की सुनवाई 11 नवंबर को होगी। इसके कारण शिल्पा शेट्टी विवादों के घेरे में हैं। एक ज्वेलरी शॉप के उद्घाटन के मौके पर शिल्पा शेट्टी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थीं। यह कार्यक्रम 7 अक्टूबर को आयोजित किया गया था। इस बीच, शिल्पा कार्यक्रम स्थल में दाखिल हुईं जहां नागरिक बड़ी संख्या में एकत्र थे। परिणामस्वरूप, यातायात जाम से आम नागरिकों को भारी असुविधा हुई। कलमबाग चौक पर दो घंटे तक जाम रहने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि इस घटना के दौरान सिग्नल सिस्टम भी बंद हो गया था। इन सभी मामलों से आम नागरिकों को काफी परेशानी हुई। शिल्पा शेट्टी के फैंस उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़े। इसलिए वकील सुधीर कुमार ओझा ने एक्ट्रेस समेत 4 अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# मेकर्स ने शेयर किया 'पुष्पा 2' का नया पोस्टर



अभिनेता अल्लू अर्जन की 'पुष्पा 2: द रूल' 2024 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। पिछले कुछ दिनों से फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन की यह फिल्म 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी। इस फिल्म के गाने भी सोशल मीडिया पर रिलीज हो चुके हैं, जिससे फिल्म के प्रति दर्शकों का उत्साह बढ़ गया है। ऐसे में मेकर्स ने एक खुशखबरी दी है। 'पुष्पा 2: द रूल' का पहला भाग पूरा हो चुका है। 'पुष्पा 2: द रूल' के निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में बताया है कि 'पुष्पा 2: द रूल' का पहला पार्ट 'पुष्पा 2: द रूल' से भरपूर है। इतिहास को घटित होते देखने के लिए तैयार हो जाइए। क्योंकि पुष्पा भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली है। दर्शकों को फिल्म का पहला पार्ट भी काफी पसंद आया था।

**'पुष्पा 2: द रूल' का गाना दर्शकों को खूब पसंद आया था**

अभिनेता अल्लू अर्जुन 'पुष्पा 2: द रूल' में अपने लोकप्रिय किरदार पुष्पराज को फिर से निभाएंगे। कहानी में नई चुनौतियाँ और संघर्ष भी शामिल होंगे। जो दर्शकों को खूब पसंद आएगी तो थिएटर में भी भीड़ होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म के गाने भी दर्शकों को काफी पसंद आए हैं।'

**फिल्म ने रिलीज से पहले ही जबरदस्त कमाई कर ली है**

अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' ने रिलीज से पहले ही धूम मचा दी है। फिल्म ने रिलीज से पहले ही जबरदस्त कमाई कर ली है। 'पुष्पा 2: द रूल' 2021 में आई फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है। अल्लू अर्जुन की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी।

# बांग्लादेश पर जीत के बाद नीतीश कुमार ने कहा-ऐसा प्रदर्शन दोहराना चाहता हूं



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी 20 में मैच जीताउ प्रदर्शन के बाद, भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की सराहना की, जिन्होंने उन्हें स्वतंत्रता और निडरता के साथ खेलने दिया। अपने दूसरे ही टी20 मैच में नीतीश ने 74 रनों की धमाकेदार पारी खेली और दो विकेट चटकाए। इससे भारत ने बुधवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश पर 86 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। मैच के बाद नीतीश ने कहा कि शुरुआत में उन्होंने समय लिया, लेकिन महमदुल्लाह की नो बॉल के बाद सब कुछ उनके पक्ष में हो गया। उन्होंने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करना शानदार लगता है, इस पल पर बहुत गर्व है। हर चीज के लिए आभारी हूं। मुझे कप्तान और कोच को श्रेय देना चाहिए। उन्होंने मुझे निडर क्रिकेट खेलने की छूट दी। मैंने शुरुआत में समय लिया, लेकिन उस नो बॉल के बाद सब कुछ मेरे पक्ष में हो गया। भारतीय टीम के लिए खेलना शानदार लगता है। मैं इसी तरह खेलना चाहता हूं। ऐसे अच्छे प्रदर्शन दोहराना चाहता हूं। मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर अरुण जेटली स्टेडियम में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एक समय भारत केवल 41 रन पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रहा था, लेकिन नीतीश (34 गेंदों में 74) और रिंकू सिंह (29 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन) ने 108 रनों की मैच बचाने वाली साझेदारी की। हार्दिक पांड्या (19 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 20 ओवरों में 221/9 तक पहुंचाया। रिशाद हुसैन (3/55) और तस्कीन अहमद (2/16) बांग्लादेश के शीर्ष गेंदबाज थे। 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शुरुआत में रन-रेट बनाए रखा, लेकिन लगातार विकेट खोते रहे। महमदुल्लाह (39 गेंदों में 41 रन, तीन छक्के) को छोड़कर कोई भी अच्छी पारी नहीं खेल सका और बांग्लादेश ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 135 रन बनाए। भारत ने 86 रन से जीत दर्ज की। वरुण चक्रवर्ती (2/19) और नीतीश (2/23) भारत के शीर्ष गेंदबाजों में शामिल थे।

# हैरी ब्रूक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 3,000 रन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने क्रिकेट करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 3,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं। 78 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 83 पारियों में, ब्रूक ने 44.64 की शानदार औसत से 3,125 रन बनाए हैं। उनके रिकॉर्ड में सात शतक और 17 अर्द्धशतक शामिल हैं, जो सभी प्रारूपों में उनकी निरंतरता और कौशल को उजागर करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में, ब्रूक ने 19 मैच खेले हैं, जिसमें 58.58 की असाधारण औसत से 1,699 रन बनाए हैं। उन्होंने 31 पारियों में छह शतक और नौ अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 186 रन रहा है। वनडे में भी उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है, उन्होंने 20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 39.94 की औसत से 719 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर नाबाद 110 रन है। ब्रुक का टी20आई में भी प्रदर्शन उल्लेखनीय है; उन्होंने 39 मैचों में भाग लिया है, जिसमें उन्होंने 30.73 की औसत और 146 से अधिक की शानदार स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन अर्द्धशतक दर्ज किए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 81* रहा है। उल्लेखनीय रूप से, ब्रूक भारत के मोहिंदर अमरनाथ और श्रीलंका के अरविंद डी सिल्वा के साथ पाकिस्तान में विदेशी खिलाड़ी के रूप में सबसे अधिक संयुक्त शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने देश में केवल छह पारियों में अपना चौथा शतक लगाकर यह उपलब्धि हासिल की है। पाकिस्तान में खेले गए अपने चार मैचों और छह पारियों में, ब्रूक ने 121.80 के असाधारण औसत से 609 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और एक अर्धशतक शामिल है, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 153 रहा है। ब्रूक ने पाकिस्तानी धरती पर लगातार चार टेस्ट मैचों में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज के रूप में इतिहास रच दिया है। इंग्लैंड वर्तमान में मुल्तान में पाकिस्तान से खेल रहा है, जहाँ इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त किया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20,000 रन के आंकड़े तक पहुँचने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बनने से केवल सात रन दूर हैं। दिन का खेल खत्म होने तक रूट 277 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 176* रन बनाकर नाबाद थे। उनके रन 63 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से आए। रूट के साथ ब्रूक 141 रन बनाकर नाबाद हैं।

# अरबी गाने पर अपने शानदार डांस मूव्स से लोगों को चौकायेंगी जॉर्जिया



ध्रुव सरजा अभिनीत आगामी कन्नड़ फिल्म मार्टिन पहले से ही धूम मचा रही है, और इसकी एक खासियत जॉर्जिया एंड्रियानी का मंत्रमुग्ध कर देने वाला डांस परफॉरमेंस है। कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करने वाली जॉर्जिया के खूबसूरत और बेहतरीन मूव्स ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। एक रोमांचक अपडेट में, निर्माता जल्द ही मार्टिन के बहुप्रतीक्षित अरबी गाने को रिलीज़ करने वाले हैं, जो पहले से ही चर्चा का विषय बना हुआ है। अपने समृद्ध, मधुर साउंडट्रैक के लिए मशहूर दिग्गज मणि शर्मा द्वारा रचित यह गाना एक बेहतरीन म्यूज़िकल ट्रीट होने का वादा करता है। हरिका नारायण की भावपूर्ण आवाज़ ने ट्रैक को जीवंत कर दिया है। मुनव्वर सादात का लिखा गाना फिल्म की एक खास विशेषता बनने के लिए तैयार है, जो इसके संगीत लाइनअप में एक अंतरराष्ट्रीय आकर्षण जोड़ देगा। जियोर्जिया एंड्रियानी के डेब्यू परफॉरमेंस को फिल्म की विजुअल अपील को बढ़ाने वाले प्रमुख तत्वों में से एक माना जा रहा है, और उनके डांस सीक्वेंस दर्शकों को खासा आकर्षित करने वाले हैं। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज और गाने के अनावरण के लिए उत्साह बढ़ता जा रहा है। स्टार पावर, मनमोहक संगीत और लुभावने दृश्य शामिल हैं। ध्रुव सरजा और जियोर्जिया एंड्रियानी के प्रशंसकों के लिए मार्टिन जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाली है।

# आईसीसी चैलेंज लीग बी : सिंगापुर के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा मेजबान युगांडा


एजेंसी

**कंपाला :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चैलेंज लीग बी का आयोजन 4 से 16 नवंबर तक कंपाला और एंटेबे में होगा। मेजबान युगांडा अपना अभियान सिंगापुर के खिलाफ शुरू करेगा। आईसीसी द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, युगांडा 6 नवंबर को सिंगापुर का सामना करेगा और तीन दिन बाद तंजानिया के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में युगांडा 10 नवंबर को हांगकांग, चीन, 13 नवंबर को इटली और 16 नवंबर को बहरीन के खिलाफ मैच के साथ अपना अभियान समाप्त करेगा।चैलेंज लीग बी 2027 एकदिनी क्रिकेट विश्व कप के लिए योग्यता मार्ग के रूप में कार्य करता है, जिसकी मेजबानी जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया करेंगे।स्थानीय आयोजन समिति के अध्यक्ष फ्रेड लुटाया ने बुधवार को सिन्हुआ को बताया कि युगांडा एक बार फिर एक हाई-प्रोफाइल टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए उत्साहित है जो विश्व कप के लिए योग्यता प्रक्रिया का हिस्सा है।लुटाया ने कहा, श्हमें विश्वास है कि आईसीसी आयोजनों की मेजबानी करने के हमारे अनुभव के कारण, हम एक सफल टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) में संचार और विपणन प्रमुख डेनिस मुसाली ने कहा कि राष्ट्रीय टीम कई अंतरराष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैचों के साथ अपनी तैयारी जारी रखे हुए है। टीम ने पिछले महीने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ चार अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और आगे के प्रशिक्षण और विभिन्न दक्षिण अफ्रीकी टीमों के खिलाफ मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की।

# मुंबई में आज शाम राजकीय सम्मान के साथ होगा रतन टाटा का अंतिम संस्कार

एजेंसी

**मुंबई।** देश के शीर्ष उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार आज शाम यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। रतन टाटा के निधन पर महाराष्ट्र सरकार ने आज राज्य में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा करते सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वरिष्ठ उद्योगपति और टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा के निधन से देश खासकर महाराष्ट्र ने कोहिनूर हीरा खो दिया। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। राज्य में एक दिन का राजकीय शोक मनाया जाएगा और सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।



टाटा समूह के अनुसार, रतन टाटा के पार्थिव शरीर को आज सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक दक्षिण मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। यहां हर क्षेत्र के लोग पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर सकेंगे। समूह ने लोगों से गेट नंबर तीन से एनसीपीए लॉन में प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए गेट नंबर का उपयोग करने का अनुरोध किया है। एनसीपीए परिसर में पार्किंग की जगह उपलब्ध नहीं होगी। समूह ने कहा कि शाम चार बजे पार्थिव शरीर वर्ली श्मशान घाट, डॉ. ई मोसेस रोड, वर्ली के प्रार्थना कक्ष में अंतिम संस्कार के लिए रवाना होगा। उनके परिवार ने रतन टाटा के निधन के बाद मिले प्यार और सहानुभूति के लिए आभार व्यक्त किया है। टाटा समूह ने कहा कि 'हम, उनके भाई, बहनें और परिवार, उन लोगों की सांत्वना को बड़े स्नेह से स्वीकार करते हैं जिन्होंने उनकी प्रशंसा की। हालांकि वह अब हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन विनम्रता, उदारता और उद्देश्य की उनकी विरासत भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।' मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि रतनजी टाटा में नैतिकता और उद्यमिता का अद्वितीय और आदर्श संयोजन था। वो जीवित किंवदंती थे। उन्होंने लगभग 150 वर्षों की उत्कृष्टता और अखंडता की परंपरा के साथ टाटा समूह का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। समूह को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। शिंदे ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उल्लेखनीय है कि 1991 में रतन टाटा समूह के अध्यक्ष बने। उन्होंने टेल्को और बाद में टाटा मोटर्स को एक अग्रणी कार निर्माण कंपनी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस को एक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी बनाया। इसके अलावा उन्होंने टाटा केमिकल्स, टाटा टी, टाटा स्टील जैसी कई कंपनियों को सफल बनाया। 2012 में वह टाटा समूह के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त हुए। हालांकि, इसके बाद भी वह विभिन्न उद्योगों का मार्गदर्शन कर रहे थे। 2008 के मुंबई हमले के बाद रतन टाटा की दृढ़ता सभी को हमेशा याद रहेगी। उनके फैसले, साहसी रवैया और सामाजिक प्रतिबद्धता हमेशा याद रखी जाएगी।

## देश के प्रमुख उद्योगपति रतन टाटा के निधन से पीएम मोदी दुखी, 'शब्द-चित्रों' से किया याद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रमुख उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर स्मृति शेष के रूप में उनसे कई अवसरों पर हुई मुलाकातों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, " मेरा मन श्री रतन टाटा जी के साथ अनगिनत संवादों से भरा हुआ है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था तो मैं उनसे अकसर मिलता था। हम विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करते थे। मुझे उनका दृष्टिकोण बहुत समृद्ध लगा। जब मैं दिल्ली आया तो बातचीत का यह सिलसिला जारी रहा। उनके निधन की सूचना से बेहद दुख हुआ। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ हैं। ॐ शांति।"

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर दूसरी पोस्ट में लिखा," श्री रतन टाटा जी दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने



भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही, उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे तक गया। अपनी विनम्रता, दयालुता और समाज को बेहतर बनाने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के कारण उन्होंने कई लोगों का प्रिय बना लिया।"

उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, " श्री रतन टाटा जी के सबसे अनूठे पहलुओं में से एक बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का जुनून था। वह शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पशु कल्याण जैसे अहम मुद्दों का समर्थन करने में सबसे आगे रहे।"

## प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर लाओस रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह दो दिवसीय विदेश यात्रा पर लाओस रवाना हो गए। वो लाओस की राजधानी वियनतियाने में होने वाले 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर अब से कुछ देर पहले लिखा, " 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस के लिए प्रस्थान। यह एक विशेष वर्ष है, क्योंकि हम अपनी एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का जश्न मना रहे हैं, जिससे हमारे देश को पर्याप्त लाभ हुआ है। इस यात्रा के दौरान विभिन्न विश्व नेताओं के साथ विभिन्न द्विपक्षीय बैठकें और बातचीत भी होंगी। इस साल सम्मेलन का मेजबान आसियान



का वर्तमान अध्यक्ष लाओस है। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत इस वर्ष एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे कर रहा है। आसियान के साथ संबंध एक्ट ईस्ट नीति और हमारे इंडो-पैसिफिक विजन का केंद्रीय स्तंभ हैं। यह सम्मेलन हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से भारत-आसियान संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेगा और सहयोग की भविष्य की दिशा तय करेगा।

# कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन
## पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन ने बुधवार को जोर पकड़ लिया जब पुलिस ने पूजा मंडप में नारेबाजी के आरोप में 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी को लालबाजार थाने ले जाया गया, जिससे डॉक्टरों की नाराजगी बढ़ गई है। जूनियर डॉक्टरों ने इसके खिलाफ धर्मतला स्थित अनशन स्थल से लालबाजार तक मार्च निकालने का फैसला किया। हालांकि, पुलिस ने पहले ही बेंटिंक स्ट्रीट और लालबाजार के रास्ते में बैरिकेड्स लगा दिए, जिससे मार्च को रोक दिया गया।

जूनियर डॉक्टरों ने बुधवार को 'अभया परिक्रमा' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें वे प्रतीकात्मक रूप से आर.जी. कर



अस्पताल और जयनगर की पीड़िता की मूर्ति को वाहन में लेकर पूजा मंडपों का दौरा करने वाले थे। कार्यक्रम के तहत, वे तृणमूल विधायक देवाशीष कुमार के नाम से जुड़े त्रिधारा समिति के पूजा मंडप में पहुंचे, जहां उन्होंने न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही अन्य आंदोलनकारी लालबाजार की ओर कूच करने लगे। लेकिन पुलिस ने बेंटिंक स्ट्रीट पर ही बैरिकेड्स लगा दिए और लालबाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर बसें खड़ी कर दीं, जिससे डॉक्टर वहीं धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी।

आंदोलनकारियों का कहना है कि उनकी परिक्रमा के दौरान मिनीडोर वाहन को चांदनी चौक के पास पुलिस ने अवैध रूप से रोक दिया। जब पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया तो जूनियर डॉक्टर मौके पर पहुंच गए और पुलिस के साथ तीखी बहस हुई। पुलिस का कहना था कि उनके पास वाहन चलाने की अनुमति नहीं थी, जबकि डॉक्टरों का दावा था कि यह वाहन वैध रूप से किराए पर लिया गया था। इस दौरान काफी लोग वहां जुट गए, और सेंट्रल एवेन्यू की सड़कों पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

हालांकि, आंदोलनकारियों ने पुलिस से मिनीडोर को छुड़ा लिया और मानव श्रृंखला बनाकर वाहन को आगे बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए।

## दौसा में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, 3 घायल

एजेंसी

**दौसा।** जिले में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, जबकि तीन लोग घायल हो गया। पहला हादसा जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर महुवा थाना क्षेत्र के रौतहडिया के पास हुआ। जहां ट्रेलर को तेज स्पीड पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें पिकअप चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे महुवा से भरतपुर की ओर जा रहे ट्रेलर को पीछे से पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे पिकअप में सवार दो जने गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए महुवा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद घायल पिकअप चालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे घायल खलासी को इलाज के लिए दौसा रैफर किया गया। उन्होंने बताया कि पिकअप के नंबर के आधार पर मालिक को सूचना दे दी गई है। फिलहाल मृतक व घायल की पहचान नहीं हो सकी है। परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव सुपुर्द किया जाएगा।

### बाइक सवार एक जने की मौत, दो अन्य घायल

वहीं दूसरा हादसा अलवर जिले के टहला थाना क्षेत्र में राजगढ़-बांदीकुई मेगा हाईवे स्थित अलवर जिले के विजय नगर कालेड़ के पास हुआ। यहां लोडिंग टेम्पो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक जने की मौत व दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसे में बाइक सवार कोलवा थाना क्षेत्र के गाडण्डी निवासी श्रीराम सैनी (34) को मृत घोषित कर दिया। वहीं बांदीकुई निवासी अर्पित विजय तथा गुढ़ाकटला निवासी सन्तोष सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ रैफर कर दिया। सूचना पर टहला थाने के एएसआई पदमचंद मौके पर पहुंचे, जहां गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### शराब के विवाद में युवक की हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बलिया।** रेवती थाना क्षेत्र के मून छपरा गांव में बुधवार देर शाम शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी के बाद पिता-पुत्र ने मिलकर एक युवक की लाठी-डण्डों से मारपीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारे पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी देते हुए एसपी विक्रांत वीर ने गुरूवार सुबह बताया कि रेवती थाना पुलिस को बुधवार देर शाम सूचना मिली कि मून छपरा में दो पक्षों में मारपीट हो गई है। सूचना मिलते ही तत्काल रेवती पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि बलराम पांडेय (30) पुत्र स्वर्गीय राम सिंहासन पांडेय व 50 वर्षीय कमलेश गोंड साथ में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी बीच उनमें आपस में किसी बात को लेकर वाद-विवाद हो गया। इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद कमलेश गोंड ने अपने पुत्र शैलेंद्र गोंड को भी बुला लिया। दोनों ने साथ मिलकर लाठियों से बलराम पांडेय पर कई वार किए।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन नहर में गिरा, 2 बच्चे लापता

एजेंसी

**सक्ती/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के बरपाली गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन नहर में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई है।दुर्घटना में नहर में गिरे 18 लोगों को जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।वहीं 6 साल के 2 बच्चे अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस ने प्रयत्क्षदर्शियों के हवाले से बताया कि बुधवार की देर शाम नगरदा थाना क्षेत्र के मोहगांव में अनियांत्रित होकर पिकअप वाहन नहर में गिर गया । जानकारी के अनुसार बैलाचूहा



गांव से पिकअप वाहन में सवार होकर ग्रामीण सलिहा भाठागांव, जसगीत गाने के लिए जा रहेथे । इसी दौरान मोहगांव की नहर में वाहन अनियांत्रित होकर पलट गया।पिकअप में 20 ग्रामीण सवार थे और ड्राइवर नशे में चूर था।जिसके कारण यह हादसा हुआ।राहत एवं बचाव कार्य जारी है और प्रशासन द्वारा लापता बच्चों की खोजबीन के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं।नहर में डूबे पिकअप वाहन को जेसीबी वाहन की मदद से बाहर निकाला गया है।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने लॉन्च की एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप

मेट्रो रेज

**रांची :** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एक नई पॉलिसी 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक हेल्थ बीमा टॉप-अप प्लान है, जिसे बुनियादी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के साथ किफायती विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है। यह प्रॉडक्ट बीमा चाहने वाले लोगों को अपनी मौजूदा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को और बढ़ाने के लिए विकल्प प्रदान करता है, भले ही वह पॉलिसी कॉर्पोरेट हो या व्यक्तिगत। यह ग्राहकों को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप कवरेज को अपने अनुकूल करने में सक्षम बनाता है, जिससे एक सुविधाजनक और परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित होता है।

देश में जीवनशैली संबंधी बीमारियों के बढ़ने और चिकित्सा से संबंधित लागत में लगभग 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने के साथ, अप्रत्याशित चिकित्सा आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से मैनेज करने के लिए पर्याप्त कवरेज होना अनिवार्य है। इस योजना में कवरेज की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें 5 लाख से लेकर 4 करोड़ तक की बीमा राशि वाली दो योजनाएं शामिल हैं। एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप में अनेक उल्लेखनीय लाभ दिए गए हैं, जिनमें ये शामिल हैं- फ्लेक्सिबल वार्षिक एग्रीगेटेड डिडक्टिबल और लॉन्ग-टर्म एग्रीगेटेड डिडक्टिबल विकल्प 5 लाख से 4 करोड़ तक की बीमित राशि और 2 लाख से 2 करोड़ तक के डिडक्टिबल विकल्प, ग्लोबल कवर, 3 साल तक के दीर्घकालिक पॉलिसी विकल्प, 18-35 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए 3,377 रुपये से शुरू होने वाले प्रतिस्पर्धी प्रीमियम।

# देश के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में टॉप पर मुकेश अंबानी, अडाणी दूसरे स्थान पर



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत के सबसे अमीर उद्योगपतियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी लगातार पहले पायदान पर बने हुए हैं। फोर्ब्स द्वारा जारी देश के 100 सबसे धनी उद्योगपतियों की सूची में दूसरे स्थान पर अडाणी ग्रुप के प्रमुख गौतम अडाणी का नाम है। फोर्ब्स की इस सूची की जो सबसे अहम बात है, वो ये कि देश के सौ सबसे धनी लोगों की संपत्ति पहली बार कुल मिलाकर एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गई है।

फोर्ब्स की सूची के अनुसार मुकेश अंबानी कमाई के मामले में दुनिया के दूसरे सबसे लाभ बड़े लाभार्थी बने हैं, जिनकी संपत्ति पिछले 1 साल में 27.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 119.5 बिलियन डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि शेयर बाजार में आए उतार-चढ़ाव की वजह से उनका मौजूदा नेटवर्थ 108.3 बिलियन डॉलर का है। फोर्ब्स का दावा है कि इस नेटवर्थ के साथ मुकेश अंबानी फिलहाल दुनिया के 13 सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। हालांकि एक अन्य एजेंसी ब्लूमबर्ग के बिलियनरीज इंडेक्स ने मुकेश अंबानी को दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में 14वें स्थान पर रखा है।

फोर्ब्स के मुताबिक भारत के अमीर उद्योगपतियों की लिस्ट में 116 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ गौतम अडानी परिवार (संयुक्त संपत्ति) दूसरे स्थान पर, 73.7 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ सावित्री जिंदल परिवार तीसरे स्थान पर, 40.2 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ शिव नाडार चौथे स्थान पर और 32.4 डॉलर बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दिलीप सांघवी परिवार पांचवें स्थान पर हैं। इसके अलावा राधाकृष्ण दामानी परिवार, सुनील मित्तल परिवार, कुमार मंगलम बिड़ला, साइरस पूनावाला और बजाज परिवार सबसे अमीर उद्योगपतियों की सूची में टॉप 10 में शामिल हैं।

फोर्ब्स की रिपोर्ट में विशेष रूप से बताया कि देश में पहली बार सौ सबसे अमीर लोगों की संपत्ति कुल मिलाकर एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गई है। फिलहाल इन सौ लोगों की कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। उद्योगपतियों की संपत्ति में आई हुई इस बढ़ोतरी के लिए फोर्ब्स ने शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी को प्रमुख वजह बताया है।

## न्यूज IN बिजनेस

### टाटा स्टील फाउंडेशन ने ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स 2024 में जूरी प्रशंसा पुरस्कार जीता

**रांची** : टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर ने ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स 2024 में जूरी की प्रशंसा प्राप्त की। ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स (MSIA) ब्रिजस्टोन इंडिया की एक पहल है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए सुरक्षित और सतत मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। ये पुरस्कार उन नवाचारों की पहचान, मान्यता और प्रोन्नति करने के लिए हैं जो सामाजिक मुद्दों को संबोधित करते हैं और गैर-लाभकारी संगठनों के माध्यम से सामाजिक विकास को आगे बढ़ाते हैं। इन पुरस्कारों के चौथे संस्करण में XXX प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं और 'सामाजिक रूप से कमजोर समूहों के लिए मोबिलिटी' और 'संसाधनों तक बढ़ी हुई पहुँच' श्रेणियों के अंतर्गत विजेताओं का चयन किया गया। ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री हिरोशी योशिजाने ने कहा, 'ब्रिजस्टोन का मिशन 'सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ समाज की सेवा करना' इस बात पर आधारित है कि हम अपने आस-पास के लोगों और समुदायों के लिए किस तरह योगदान करते हैं। संधारणीय गतिशीलता समाधानों में वैश्विक अग्रणी के रूप में, ये पुरस्कार व्यापक भलाई के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। यह ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवाड्र्स का चौथा संस्करण है और हम समुदायों की जरूरतों के लिए समाधान प्रदान करने और जिन लोगों की वे सेवा करते हैं उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की दिशा में काम करने में भाग लेने वाले सभी संगठनों की क्षमता और प्रभाव को देखकर उत्साहित हैं।' टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर, झारखंड को जूरी द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रोजेक्ट 'मस्ती की पाठशाला' (MKP) के लिए प्रशंसा मिली। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य जमशेदपुर में बच्चों के श्रम के सबसे खराब रूपों को समाप्त करना है, जिसमें नागरिक नेतृत्व वाले आंदोलन को बढ़ावा देना शामिल है, ताकि प्रभावित बच्चों की पहचान, समर्थन और उन्हें शिक्षा से जोड़ने में मदद की जा सके। MKP तीन तरीकों से कार्य करता है : बेघर बच्चों के लिए स्कूल में समाकालन की तैयारी हेतु आवासीय ब्रिज कोर्स (RBC), झुग्गी बस्तियों के भीतर गैर-आवासीय ब्रिज कोर्स (NRBC) केंद्र सरकारी और अर्ध-सरकारी स्कूलों में तैयारी और नामांकन के लिए, और ऐसे बच्चों के लिए सीधा नामांकन जिनके लिए ब्रिजिंग की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम का यह भी जोर है कि छोटे बच्चों को सीधे किंडरगार्टन में नामांकित किया जाए और बड़े बच्चों (15-17 वर्ष) को करियर और उच्च शिक्षा के लिए तैयार किया जाए, जिससे बाल श्रम के चक्र को तोड़ने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

### एमेजॉन इंडि या ने डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए विस्तृत सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम लांच किया

**रांची** : एमेजॉन इंडिया ने डिलीवरी एसोसिएट्स की बेहतरी पर जोर देते हुए डायल 4242 के साथ साझेदारी कर एम्बुलेंस सेवाओं को शुरू किया हैं। इसका उद्देश्य सुरक्षा के उपायों को बढ़ाना और डिलीवरी एसोसिएट्स के स्वास्थ्य को अहमियत देना है। इतना ही नहीं एमेजॉन ने बड़े पैमाने पर एक स्वास्थ्य अभियान भी शुरू किया है, जो लगभग 6 महीनों तक चलेगा। इससे उनके डिलीवरी सर्विस पार्टनर और उनके डिलीवरी एसोसिएट्स, साथ ही आई हैव स्पेस और फ्लेक्स कार्यक्रमों के 50,000 से भी ज्यादा एसोसिएट्स को लाभ मिलेगा। इस अभियान के तहत डिलीवरी एसोसिएट्स को मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा मिलेगी जिसमें आंखों और दांतों की जांच शामिल है, साथ ही उनमें मौजूदा स्वास्थ्य और दुर्घटना कवरेज के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी काम किया जाएगा, जिसमें महिला डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए मातृत्व कवर को भी शामिल किया गया है। इन मजबूत प्रयासों से एमेजॉन की यह प्रतिबद्धता साफ झलकती है कि वह अपने डिलीवरी एसोसिएट्स को एक सुरक्षित और सहायक माहौल देना चाहते हैं। सभी जरूरी चिकित्सा सेवाओं को सुनिश्चित करके और समग्र भलाई को अहमियत देकर, एमेजॉन डिलीवरी एसोसिएट्स को सशक्त और सुरक्षित रखने के प्रति उनके दृढ़ संकल्प को उजागर करता है।डिलीवरी एसोसिएट्स की भलाई हेतु अपनी प्रतिबद्धता के मद्दे नजर एम्बुलेंस सेवाओं को कुछ ऐसे डिजाइन किया गया है जिससे सड़क पर आवागमन के दौरान डिलीवरी एसोसिएट्स सुरीक्षित और निश्चिंत महसूस करें। यह सेवा आपातकाल के समय के दौरान तुरंत चिकित्सा तक पहुंचाएगी। साथ ही यह सड़क पर दुर्घटना के बाद पहले कुछ क्रिटिकल घंटों के दौरान समय पर सहायता देने का वादा करती है। यह सुविधा डायल 4242 के पैन इंडिया नेटवर्क पर उपलब्ध होगी। साथ ही, हाल ही में लॉन्च किया गया स्वास्थ्य और कल्याण अभियान प्रारंभिक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करेगा, जिससे लम्बे समय की स्वास्थ्य प्रथाओं के बारे में लोगो मे जागरूकता बढ़ेगी और डिलीवरी एसोसिएट्स को मातृत्व सहायता के साथ - साथ बीमा के लाभों के बारे में भी सूचित किया जाएगा।आने वाले छह महीनों के दौरान एमेजॉन अलग - अलग क्षेत्रों में कई डिलीवरी स्टेशनों पर 50 से भी ज्यादा मुफ्त चिकित्सा शिविरों को लगाएगा। जिसमें से छह शिविर पहले ही मुंबई, पुणे और बैंगलोर में शुरू हो चुके हैं। इस पहल से हजारों डिलीवरी एसोसिएट्स को फायदा होगा।

### लीड ग्रुप ने 2023 शिक्षा अवार्ड में विभिन्न स्कूलों और उनके शीर्ष नेतृत्व को भारत के शिक्षा स्तंभों के रूप में किया सम्मानित

**रांची** : भारत की अग्रणी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने देश के सबसे बड़े स्कूल पुरस्कार कार्यक्रमों में से एक, शिक्षा अवार्ड के दूसरे वर्ष का सफलतापूर्वक समापन किया। लीड ग्रुप के शिक्षा अवार्ड के जरिये उन असाधारण स्कूलों और स्कूल नेतृत्व को सम्मानित किया जाता है, जिनकी शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता भारत में छात्रों की शिक्षा में बदलाव ला रही है। ये वे स्कूल हैं, जो स्थान या आकार की परवाह किए बिना, बारीकी से तैयारी, शिक्षण, मूल्यांकन और सुधार के जरिये अपनी कक्षाओं में एनसीएफ के अनुरूप मल्टीमॉडल लर्निंग को सफलतापूर्वक लागू कर रहे हैं; छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं; और छात्र-नेतृत्व वाले सम्मेलनों सहित विभिन्न पहलों के जरिये छात्रों की शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी बढ़ा रहे हैं।इस कार्यक्रम में लीड ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक, सुमीत मेहता ने स्कूल नेतृत्व पर एक मास्टरक्लास भी शामिल रहा। 2023 शिक्षा अवार्ड में 2200 से ज्यादा स्कूलों और 29000 शिक्षकों ने भाग लिया। झारखंड के हजारीबाग में स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल के स्कूल मालिक, प्रवीण मोदी और स्कूल की प्रिंसिपल, रश्मि बरनवाल 2023 शिक्षा अवार्ड के विजेता रहे।लीड ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक, सुमीत मेहता ने कहा, 'स्कूल वह बुनियाद है, जिस पर हमारे देश का भविष्य टिका है और वार्षिक शिक्षा अवार्ड इनमें से सर्वश्रेष्ठ संस्थानों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अथक प्रयास को सम्मानित करता है। सभी विजेताओं को मेरी हार्दिक बधाई, जो हर एक छात्र पर ध्यान देकर शिक्षा के भविष्य को आकार दे रहे हैं! उनकी कोशिश, इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे नवोन्मेष और प्रतिबद्धता, हर छात्र के पठन-पाठन के परिणामों को बदल सकती है, और हम अगले संस्करण में और अधिक बदलाव लाने वाले स्कूलों का जश्न मनाने के लिए तत्पर हैं।'

### कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक एमएनसी फंड, पोर्टफोलियो में मल्टीनेशनल कंपनियों के स्टॉक शामिल करने का मौका

रांची : अगर आप म्यूचुअल फंड की किसी नई और इनोवेटिव थीम वाली स्कीम में निवेश करना चाहते हैं, तो आपके पास अच्छा मौका है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (KMAMC/कोटक म्यूचुअल फंड) ने मल्टीनेशनल कंपनीज (MNC) थीम पर आधारित अपना न्यू फंड ऑफर (NFO) लॉन्च किया है। यह नई स्कीम कोटक एमएनसी फंड के नाम से लॉन्च की गई है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। इस फंड के जरिए निवेशकों को ग्लोबल लेवल पर पहुंच वाली मल्टीनेशनल कंपनियों में एक्सपोजर मिलेगा। पोर्टफोलियो में अलग अलग सेक्टर और अलग अलग मार्केट कैप की मजबूत मल्टीनेशनल कंपनियों के स्टॉक होंगे, जिससे डाइवर्सिफिकेशन का भी लाभ मिलेगा। कोटक एमएनसी फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 7 अक्टूबर, 2024 को खुल रही है और इसमें 21 अक्टूबर, 2024 तक निवेश किया जा सकता है। मल्टीनेशनल कंपनियों को अपनी ग?लोबल उपस्थिति, मजबूत ब्रांड और रिसर्च एंड डेवलपमेंट क्षमताओं के साथ, अक्सर घरेलू कंपनियों पर कुछ बढ़त का लाभ मिलता है। कोटक एमएनसी फंड उन मल्टीनेशनल कंपनियों में निवेश पर फोकस करता है, जो अपनी मजबूत ग्लोबल ब्रांड प्रेजेंस, एडवांस ऑपरेशन, एडवांस टेक्नोलॉजी के चलते मिलने वाले लाभ, मजबूत मैनेजमेंट क्वालिटी और वित्तीय रूप से मजबूती के लिए जानी जाती हैं। ये कंपनियां अलग अलग सेक्टर में मौजूद हैं और महत्वपूर्ण इंटरनेशनल बिजनेस एक्सपोजर रखती हैं। यह फंड निवेशकों को एक डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जो इन अच्छी तरह से स्थापित ग्लोबल कंपनियों की दीर्घकालिक ग्रोथ क्षमता का लाभ उठाता है। यानी इसमें निवेशकों को मल्टीनेशनल कंपनियों की ग्रोथ का फायदा मिलता है। एमएनसी फंडों में निवेश करने से पोर्टफोलियो में डाइवर्सिफिकेशन आता है, जिससे रिस्क और अस्थिरता कम होती है। बाजार की अनिश्चितताओं के दौरान यह विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है। कोटक एमएनसी फंड का लक्ष्य मल्टीनेशनल कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज में निवेश कर लंबी अवधि में हाई रिटर्न हासिल करना है। फंड में अलग अलग मार्केट कैप यानी लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियों में निवेश की सुविधा है।

यूज ब्रीफ




## रोलिंग स्टोन अकादमी में धूमधाम से मनाई गई डांडिया नाइट

**चक्रधरपुर** रिटायर्ड कॉलोनी स्थित रोलिंग स्टोन अकादमी ने नवरात्रि के उत्सव को धूमधाम से मनाते हुए छात्रों और अभिभावकों के लिए डांडिया नाइट का आयोजन किया। इस आयोजन में माताओं ने विशेष रूप से भाग लिया, जहाँ उन्होंने मजेदार खेलों में हिस्सा लिया, आकर्षक रैंप वॉक किया और पारंपरिक डांडिया नृत्य में भी शामिल हुईं। यह कार्यक्रम परिवारों को एकजुट करने और समुदाय में उत्सव की भावना को बढ़ावा देने में सफल रहा। मौके पर विशेष रूप से नीतू साहू एवं प्रतिभा विकास सुविधा राय ने कार्यक्रम में भाग लिए विजेताओं को सम्मानित किया,साथ ही अकादमी की संचालिका शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

## डांडिया उत्सव मे बच्चों ने की अद्भुत भगवन नृत्य



**रांची :** आज वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल,रानी सती मंदिर लेन,रातु रोड मे प्राचार्य आलोक कुमार के अध्यक्षता मे विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अद्भुत डांडिया उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिवनंदन पाठक,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,वरीय संरक्षक नामधारी प्रसाद,निदेशक मंडली के उप निदेशक अविनाश गौरव एवं प्रभाष गौरव मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित,दुर्गा माता जी के प्रार्थना एवं सभीको तिलक लगाकर हुई। डांडिया उत्सव मे बच्चों ने विभिन्न भगवन के रूप में रंग बिरंगे परिधान में अद्भुत नृत्य गान प्रस्तुत कर सभी अतिथियों,अभिभावकों एवं कार्य क्रम में उपस्थित बच्चों को नचाया एवं झुमाया।बच्चों ने यह उत्सव काउंसलर गिन्नी टेहरी एवं शिक्षिका एकता मिश्रा के निर्देशन मे प्रस्तुत किए। उपनिदेशक अविनाश गौरव जी ने भक्तिमय संगीत प्रस्तुत किए जिसका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुई।

शिवनंदन पाठक जी ने दुर्गा माता जी की कथा सुनाई वहीं अतिथि शिव किशोर शर्मा जी ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी एवं कहा बच्चें देश के भविष्य है। आज के इस यादगर कार्यक्रम को सफल बनाने मे वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल के छात्र राजा सिंह,अंश सिंग,त्रिशान हेत,त्रिशा जैन,लाख ओरान,दिव्यांशी मुंजाल,अक्षिता शर्मा,अभ्युक्त अग्रवाल,रितिका कुमारी,आयु सिंह,इशिता गुप्ता,रुद्रांश गुप्ता,आर्य शर्मा,अश्विन कुमार,गर्व सहगल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## देश ने एक अनमोल रतन खो दिया : यशस्विनी सहाय



**रांची :** कांग्रेस नेत्री व अधिवक्ता सुश्री यशस्विनी सहाय ने प्रख्यात उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि देश ने एक अनमोल रतन को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के औद्योगिक विकास में स्व.रतन टाटा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वह एक उद्योगपति होने के साथ-साथ समाजसेवी भी थे। समाज सेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है। सुश्री सहाय ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और उनके परिजनों को दुख की बेला में संबल प्रदान करने की कामना की।

## सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया



**चक्रधरपुर** शहर के पोटका स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के द्वारा बीते दिन चित्रकला प्रतियोगिता सह पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे विजेता स्वरूप ग्रुप ए से प्रथम देवांशु मंडल द्वितीय आशवी प्रियदर्शी तृतीय इशिता सेन एवं चतुर्थ प्रणील कुमार ग्रुप बी से प्रथम सात्यकि होर द्वितीय प्रीथा माझी तृतीय आर्यस शर्मा एवं चतुर्थ श्रेयसी माझी रही ग्रुप सी में प्रथम अंकिता सेन द्वितीय रणजी सोनी तृतीय प्रियांशु प्रधान चतुर्थ शौर्य यादव रहे साथ ही ग्रुप डी में प्रथम स्थान मानसी प्रधान द्वितीय तमन्ना बहादुर तृतीय अंजली सिंह एवं चतुर्थ वेदनशी रहे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रधान जी साथ थी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं कला के शिक्षक रोहित दास एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# सीएम हेमंत सोरेन ने राहुल गांधी से की मुलाकात

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। बुधवार शाम सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली चले गए और वहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों की माने तो कांग्रेस और झामुमो के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत हुई।

सीएम हेमंत ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास में की मुलाकात, कल्पना भी रहीं मौजूद

झामुमो और कांग्रेस के शीर्ष स्तर के नेताओं की मुलाकात इसलिए भी अहम हो जाती है क्योंकि साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं जिसमें कांग्रेस और झामुमो गठबंधन मैदान में उतरेगा। सूत्रों के मुताबिक दोनों पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के बीच विधासभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर चर्चा हुई है। दोनों ही पार्टियां यह चाहेंगी कि चुनाव से पहले सीट शेयरिंग पर बात फाइनल हो जाए।

**हरियाणा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस पर रहेगा सहयोगियों का दबाव**

मंगलवार को हरियाणा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के एक दिन बाद सीएम हेमंत सोरेन ने कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात की है। कांग्रेस अभी सहयोगियों के दबाव में होगी क्योंकि हरियाणा चुनाव में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों ने कांग्रेस पर उनकी अनदेखी का आरोप लगाया था। इसमें सबसे आगे आप, टीएमसी, शिवसेना उद्धव गुट रही थी जिसने कांग्रेस की खिचाई करते हुए कहा था कि कांग्रेस की हार इस वजह से हुई है क्योंकि उसने सहयोगियों की मदद नहीं ली। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 41 सीटों पर चुनाव लड़ा था जबकि कांग्रेस ने 31 और आरजेडी ने 7 सीटों पर अपनी किस्मत आजमाई थी। जिसमें से झामुमो 30, कांग्रेस 16 और आरजेडी एक सीट जीतने में कामयाब हुई थी। हरियाणा में मिले हार के बाद कांग्रेस फिलहाल बैकफुट पर है। लेकिन आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि ऊंट किस करवट बैठता है।

# 1926 से बंगाली परंपरा के अनुसार की जा रही माँ शेरावाली की पूजा : आदित्य विक्रम जयसवाल



मेट्रो रेज

**रांची :** आज झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी आदित्य विक्रम जयसवाल ने नव युवक संघ उपकार क्लब चुटिया के पूजा पंडाल का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। माँ भवानी की पूजा अर्चना कर राज्यवासियों की खुशहाली,समृद्धि की मंगलकामना की।

मालूम हो कि नव युवक संघ, उपकार क्लब चुटिया में माँ दुर्गा की पूजा सन 1926 से बंगाली परंपरा के अनुसार की जा रही है एवं मूर्तिकारों की तीसरी पीढ़ी मूर्ति बना रही है। पूजा करवाने वाले पंडित जी शिबू पंडित की चौथी पीढ़ी है एवं ये बंगाल से आते हैं और सन 1926 से इनके परिवार से पूजा करवाने आते हैं।

मौके पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने माँ दुर्गा के जयकारे लगाते हुए कहा कि माता का आगमन साल भर में एक बार होता है एवं माँ के आगमन से सभी के जीवन में खुशहाली आ जाती है साथ ही शहर की रौनक भी बढ़ जाती है। राँची में माँ की पूजा अर्चना धूम धाम से की जाती है। आदित्य विक्रम ने कहा कि माँ भवानी की पूजा अराधना करने वाले हर भक्त को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। जीवन में सुभता का आगमन होता है एवं माँ दुर्गा की कृपा से भक्तों की उन्नति व तरक़्क़ी होती है।

मौके पर समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, वीरू साहू, विजय साहू,गोपी कृष्ण अग्रवाल, कृष्णा सहाय, वीजेंद्र सिंह,रवि सिंह,सुनील सिंह, संजय सिंह, सौरव सिंह, कुलदीप रवि, रिकी राज, चंदन कुमार, शेखर वर्मा,गौतम कुमार, पाजी, अमन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

## सुबोधकांत सहाय ने प्रख्यात उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर जताया शोक, कहा

# देश के औद्योगिक विकास में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता



**रांची :** कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री सहाय ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि रतन टाटा के निधन की सूचना से मर्माहत हैं। देश के औद्योगिक विकास को गति देने में रतन टाटा की भूमिका अविस्मरणीय है। उद्योग, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व के कारण भारत ने व्यापारिक व उद्योग जगत में विश्वस्तरीय पहचान स्थापित की।

श्री सहाय ने कहा कि रतन टाटा की दूरदर्शिता, सहृदयता और परोपकार की भावना प्रेरणा स्त्रोत है। समाज सेवा के प्रति उनका दृष्टिकोण अद्भुत रहा है। देश ने एक महान शख्सियत और अनमोल रत्न खो दिया है। श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

## मातृशक्ति कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन कल

**रांची:** नवरात्रि के अवसर पर नूतन वीणा छात्र संघ किशोरगंज, हरमू रोड और मुकेश मुक्ता के सानिध्य में मातृशक्ति कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस महोत्सव में मातृशक्ति सुरक्षा एवं जागरण के लिए देवी स्वरूपा 1008 कुंवारी कन्या पूजन किया जायेगा। संस्था के मुख्य संरक्षक मुकेश मुक्ता ने बताया कि पूर्व में कन्या का पूजन घर में छोटे स्तर पर होता था, लेकिन इस बार उसे विराट रूप देने के लिए भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह अब लगातार चलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य मातृशक्ति सुरक्षा एवं जागरण है। यह आयोजन नारी सुरक्षा और वंदना के लिए है। समाज में बढ़ते महिलाओं के प्रति अपराध और उत्पीड़न के विरूद्ध एक मुहिम चलाते हुए लोगों को बताया जायेगा कि महिलाएं हमारे लिए पूज्य है। उन पर शोषण और अत्यचार नहीं हो। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश समाज को देंगे। श्री मुक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह 11 अक्टूबर को दुर्गा पूजनम सुबह नौ बजे से प्रारंभ होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे ध्वजा रोहण का कार्यक्रम होगा। सुबह 10:30 बजे 1008 कन्या पूजन होगा। दोपहर एक बजे से प्रसाद ग्रहमण एवं भंडारा का आयोजन होगा। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। श्री मुक्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्री श्री 100 शिवदुर्गा मंदिर भवानी नगर, मां बगला मुखी मंदिर, अमर ज्योति क्लब बागान चौक इरगु टोला, आनंद नगर युवा समिति, राज समिति इरगु टोली, हिंद सहायक मंच, जन जागरण युवा समिति गौशाला चौक, न्यू लाइंस क्लब न्यू मधुकम, श्रीनगर जनकल्याण समिति, फ्रेंडस क्लब राजा हाता, झारखंड फोटोग्राफर फेडरेशन आदि सहयोग कर रहे हैं। आयोजन के सफल बनाने में अध्यक्ष सचितानंद सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष चौरसिया, उपाध्यक्ष अविनाश वर्मा, आशुतोष कुमार, मुकेश कुमार, श्याम प्रजापति, शशि गुप्ता, सचिव दीपक गुप्ता, सह सचिव अभिषेक राय, सन्नी वर्मा, मंत्री संकेत गिरि, कौशल कुमार, शुभम प्रसाद, शुमभ वर्मा, उद्देश्य कुमार, पंकज चौरसिया, अंकित सिंह, शंशाक सोनी, अभिजीत भास्कर, सुरज चौरसिया, ओमप्रकाश गुप्ता, अजय सोनी, पिंटु राम, दीपक ओझा, राजु बाल्मिकी समेत अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं।

## अनंतपुर-निवारणपुर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का पट खुला

# स्वामी सत्संगानंद जी महाराज ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**रांची :** शहर के अनंतपुर-निवारणपुर दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस बार 87वां दुर्गोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। बुधवार को पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया। पंडाल का उद्घाटन श्री रामकृष्ण मिशन तुपुदाना के स्वामी सत्संगानंद जी महाराज ने किया। नव पत्रिका प्रवेश के बाद मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। पुष्पांजलि के पश्चात संध्या आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों के बीच भोग प्रसाद वितरण किया गया। शारदीय नवरात्र के सभी अनुष्ठान पंडित

स्वपन कुमार घोषाल एवं तरुण कुमार घोषाल द्वारा की जा रही है। मौके पर अनंतपुर-निवारणपुर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक एससीपी सिंह, राजीव चटर्जी, संरक्षक डॉ.ए चटर्जी, महासचिव तुषार कांति शीट, अध्यक्ष एमएल शर्मा, आदित्य बनर्जी, अनूप गुप्ता, संजय पांडे, समिति के उपाध्यक्ष एसएन

शाहदेव, कोषाध्यक्ष आलोक मजूमदार, सचिव राजीव रंजन, शैवाल बनर्जी, सुकृत भट्टाचार्य, चिंटू शाहदेव, सुदीप घोष, सीतेश चटर्जी, राकेश कुमार सिंह, तनय शीट, सहित समिति के अन्य पदधारी व सदस्य सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## जन शिकायतों का होगा त्वरित समाधान, पुलिस मुख्यालय ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर

**रांची :** जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर से एक व्हाट्सएप नंबर (8809692001) जारी किया गया है। इसके नोडल पदाधिकारी पुलिस मुख्यालय के पीजी शाखा के डीएसपी होंगे। डीएसपी को इस व्हाट्सएप नंबर पर जो भी जन शिकायतें प्राप्त होगी, उसका एक अलग से पंजी बनाने और संबंधित जिला व इकाई को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने का निर्देश दिया गया है।

**राज्यभर में हुआ था जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन** : झारखंड पुलिस ने राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया था। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 सितंबर से हुई थी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्या सुनी गयी थी।

# ब्रह्माकुमारी ने दलादली चौक दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में लगाई गई आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की इकाई ब्रह्माकुमारी संस्थान चौधरी बागान हरमू रोड के द्वारा रांची के विभिन्न पंडालों में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। इसी निमित्त दलादली चौक दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में बुधवार को प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन संस्थान की केंद्र प्रशासिका, ब्रह्माकुमारी बहन निर्मला जी, राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह जी, समाजसेविका श्रीमती किरण पांडेय जी, समाजसेवी श्री अशोक दुबे जी के द्वारा संयुक्त रूप से संस्थान के सदस्यों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा अतिथियों को पत्रिका व सेव फल भेंट कर सम्मानित किया गया।



मौके पर केंद्र प्रशासिका ब्रह्माकुमारी बहन निर्मला जी ने संबोधित करते हुए कहा की नवरात्रि के दौरान 9 दिन तक व्रत उपवास आदि करते हैं। इस दौरान सभी पवित्रता का विशेष ध्यान रखते हैं। नवरात्रों में शक्तियों की विशेष पूजा होती है। दुर्गा दुगुणों का विनाश करने वाली देवी कहा जाता है। इतनी पूजा करने के बाद भी मानव मन बुराइयों से मुक्त नहीं हो पा रहा है। और दुगुणों में फंसता जा रहा है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है की कमी कहां रह गई है। वर्तमान समय हम कितना भी प्रयास करें जीवन में स्थिरता नहीं है। हमारी ऐसी शुभकामना है की पूजा के साथ-साथ मानव मन से दुर्गुण हमेशा के लिए नष्ट हो जाए, और यह संसार देवी संसार में बदल जाए। क्योंकि देवियों की जब विजय होती है असुरों का नाश होता है तब संसार में सुख और शांति छा जाती है। वैसी सुख शांति वाली दुनिया हीं सतयुग वाली दुनिया है। जिसकी याद में हम दिवाली मनाते हैं वह सतयुग वाली दुनिया लाने के लिए ही हम लोग यह संदेश जन-जन तक दे रहे हैं। राजयोग के अभ्यास से मानव के लिए स्वयं के दुगुणों पर विजय प्राप्त करना संभव है। समाज का उत्थान व चरित्र निर्माण करना ही प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का उद्देश्य है। जो 1936 से लगातार काम कर रही है। साथ ही उन्होंने संस्था के उद्देश्यों के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तृत से जानकारी दी। तथा उन्होंने बताया की *रविवार 10 नवंबर 2024 को रांची जिले के खेलगांव में हरिवंश टाना भगत इंदौर स्टेडियम में शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक* *अंतर्राष्ट्रीय मोटीवेटर बहन बीके शिवानी जी,* जो रांची में पहली बार आ रही हैं। उनका आध्यात्मिक आशीर्वचनों को सुनकर रांची के लोग लाभान्वित होकर धन्य होंगे। इन्हें पहली बार ऐसे अंतर्राष्ट्रीय मोटीवेटर ब्रह्माकुमारी बहन शिवानी जी का आध्यात्मिक आशीर्वचन सुनने का मौका मिलेगा। जिसका रजिस्ट्रेशन संस्था के नजदीकी केंद्रों व स्टॉलों में किया जा रहा है।

बतौर अतिथि राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने संस्था द्वारा इस तरह की समाज को आध्यात्मिक क्षेत्र में जागृत करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत ही खुशी होती है जब समाज में किसी सनातनी संगठन व संस्थान के द्वारा सामाजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक विषयों के बारे में समाज व राष्ट्र के लोगों को जागरुक कर जागृत किया जाता है। मुझे ऐसे कार्यों में बहुत ही रुचि रहती है। ताकि हमारा सनातन समाज व राष्ट्र सामाजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक क्षेत्र में जागरूक होकर राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए आगे बढ़े। बतौर अतिथि समाजसेविका किरण पांडेय व समाजसेवी अशोक दुबे ने भी लोगों को संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर संस्थान के माता, बहने, भाई के साथ समाज के कई लोग मौजूद रहे।